

हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, गुरुवार 1 जनवरी 2026



[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]


# शुभ संयोगों का साल..17 मई से 15 जून तक पुरूषोत्तम मास, पहले छह माह हर पर्व 10 दिन पहले आएंगे, 15 जनवरी को मकर संक्रांति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नया साल 2026 धार्मिक आस्था, व्रत-त्योहारों और शुभ मुहूर्तों की दृष्टि से बेहद खास रहने वाला है। वर्ष की शुरूआत मकर संक्रांति और वसंत पंचमी से होगी। जबकि दीपावली, नवरात्रि, होली और छठ जैसे बड़े पर्व सालभर श्रद्धा और उत्साह का वातावरण बनाए रखेंगे। वहीं विवाह, गृह प्रवेश और नए कार्यों के लिए भी 2026 में कई शुभ अवसर बनेंगे। वहीं इस साल पुरूषोत्तम मास 17 मई से शुरू होकर 15 जून तक रहेगा। साथ ही 2025 की तुलना में इस बार होली 10 दिन पहले तो दिवाली 17 दिन बाद आएगी। नववर्ष शादी-विवाह के लिए शुभ योगों से भरपूर रहेगा।

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इस वर्ष कई ऐसे अवसर बनेंगे, जब बिना किसी पंचांग दोष के विवाह संपन्न किए जा सकेंगे। विशेष रूप से अबूझ मुहूर्तों के कारण लोगों को अलग से शुभ समय देखने की आवश्यकता नहीं होगी। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार 2026 धार्मिक दृष्टि से विशेष फलदायी रहेगा। इस वर्ष शुभ योगों में किए गए कार्य लंबे समय तक स्थिरता और सफलता देंगे।




## यह त्योहार 18 दिनों की होगी देरी

| त्योहार | 2025 में | 2026 में | कितने दिन बाद |
|---|---|---|---|
| जगन्नाथ रथ यात्रा | 27 जून | 16 जुलाई | 18 दिन |
| चातुर्मास प्रारंभ | 06 जुलाई | 25 जुलाई | 18 दिन |
| रक्षाबंधन | 09 जुलाई | 28 जुलाई | 18 दिन |
| कृष्ण जन्माष्टमी | 16 अगस्त | 4 सितंबर | 17 दिन |
| गणेशोत्सव | 27 अगस्त | 14 सितंबर | 16 दिन |
| शारदीय नवरात्र | 22 सितंबर | 11 अक्टूबर | 18 दिन |
| दशहरा | 2 अक्टूबर | 21 अक्टूबर | 18 दिन |
| दीपावली | 20 अक्टूबर | 8 नवंबर | 18 दिन |

## वे त्योहार...जो 10 दिन पहले आएंगे

| त्योहार | 2025 में | 2026 में | इतने पहले |
|---|---|---|---|
| मौनी अमावस्या | 29 जनवरी | 18 जनवरी | 10 दिन |
| वसंत पंचमी | 3 फरवरी | 23 जनवरी | 10 दिन |
| महाशिवरात्रि | 26 फरवरी | 15 फरवरी | 10 दिन |
| होली | 14 मार्च | 3 मार्च | 10 दिन |
| गुड़ी पड़वा | 30 मार्च | 19 मार्च | 10 दिन |
| रामनवमी | 6 अप्रैल | 27 मार्च | 09 दिन |
| महावीर जयंती | 10 अप्रैल | 31 मार्च | 09 दिन |
| हनुमान जयंती | 12 अप्रैल | 2 अप्रैल | 10 दिन |
| अक्षय तृतीया | 30 अप्रैल | 20 अप्रैल | 09 दिन |
| बुद्ध पूर्णिमा | 12 मई | 01 मई | 10 दिन |
| गंगा दशहरा | 5 जून | 26 मई | 09 दिन |

## छह माह बाद 18 दिन की देरी से आएंगे पर्व

यूं तो हर साल त्योहारों की तिथियों में बदलाव होता है, लेकिन 2026 हिंदी पंचांग के महीनों के हिसाब से अधिकमास वाला साल होगा। इस साल दो ज्येष्ठ माह होने से यह साल 13 महीने का होगा। इस कारण शुरू के 6 माह में वर्ष 2025 की तुलना में अधिकांश त्योहार 10 दिन पहले और बाद के 6 माह में होने वाले त्योहार 16 से 18 दिन तक की देरी से आएंगे। 2025 में होली 14 मार्च को थी, पर 2026 में यह 4 मार्च को होगी। इसी तरह 2025 में दीपावली 20 अक्टूबर के थी, अब अगले वर्ष 8 नवंबर को यानी 17 दिन की देरी से आएगी। त्योहारों की तिथियों को देखने के बाद ही परीक्षाओं के टाईम-टेबल तैयार होते हैं।

## गृह प्रवेश एवं भूमिपूजन

गृह प्रवेश के लिए बसंत पंचमी, अक्षय तृतीया, दशहरा और देवउठनी एकादशी को सर्वोत्तम माना गया है। इन दिनों पंचांग दोष नहीं होते, इसलिए अलग मुहूर्त देखने की आवश्यकता नहीं होती। नए व्यापार, नौकरी ज्वाईनिंग, वाहन खरीद और लंबी यात्रा के लिए पुष्य नक्षत्र, रवि पुष्य योग और गुरू पुष्य योग 2026 में विशेष फलदायी रहेंगे। ज्योतिष विशेषज्ञों के अनुसार इन योगों में किया गया कार्य लंबे समय तक सफलता देता है, जो इस साल लोगों को उत्साहित करेगा। पंडितों के अनुसार 2026 में गुरू और शनि का राशि परिवर्तन समाज, अर्थव्यवस्था और व्यक्तिगत जीवन पर गहरा प्रभाव डालेगा। धार्मिक आयोजनों, व्रत-उत्सव और कथा-पुराणों के प्रति लोगों की आस्था और बढ़ेगी। लोगों को धार्मिक स्थलों के दर्शन का लाभ मिलेगा।

## 2026 विवाह के लिए प्रमुख अबूझ शुभ मुहूर्त

नए साल में विवाह के लिए जनवरी, फरवरी, अप्रैल, मई, जून और नवंबर महीने विशेष शुभ रहेंगे। जनवरी-फरवरीः मकर और कुंभ राशि में सूर्य रहने से कई सर्वार्थसिद्ध योग बनेंगे। अप्रैल-जूनः अक्षय तृतीया व विवाह पंचमी जैसे अबूझ मुहूर्त रहेंगे। नवंबरः देवउठनी एकादशी के बाद विवाह का श्रेष्ठ समय रहेगा। अक्षय तृतीया, विवाह पंचमी और देवउठनी एकादशी को अबूझ मुहूर्त रहेगा। इन दिनों बिना पंचांग दोष के विवाह किए जा सकेंगे। विशेषज्ञ कुंडली अनुसार मुहूर्त तय करने की सलाह देते हैं।

## 2026 में मलमास ... वह त्योहार जिनका आगमन 10 दिन पहले

त्योहार मौनी अमावस्या महाशिवरात्रि, इस नए साल में सभी बड़े पर्व शुक्रवार को ही बाबूलाल कैलेंडर के अनुसार इस 2026 में कई छोटे-बड़े पर्व शुक्रवार के दिन पड़ेंगे। जिसकी शुरूआत 15 जनवरी मकर संक्रांति और 23 जनवरी को वसंत पंचमी से होगी, जो शुक्रवार को पड़ेगा। 20 मार्च ईद-उल-फितर शुक्रवार, 1 मई बुद्ध पूर्णिमा, 26 जून मुहर्रम, 28 अगस्त रक्षाबंधन, 4 सितंबर जन्माष्टमी, 25 सितंबर अनंत चतुर्दशी, 2 अक्टूबर गांधी जयंती, 6 नवंबर धनतेरस, 13 नवंबर छठ पूजा, 25 दिसंबर क्रिसमस यह सभी पर्व शुक्रवार के दिन आएंगे।

## हर तीन साल में अधिकमास जिससे आता है अंतर

हिंदू त्योहार चंद्रमा की स्थिति व उसकी गति पर आधारित होते हैं और चंद्र वर्ष 354 दिन का होता है। जबकि सौर वर्ष के 365 दिन होते हैं। इस अंतर को हटाने के लिए हर तीन साल में अधिकमास होता है, जिस कारण पर्वों की तिथियों में पिछले सालों की तुलना में काफी दिनों का अंतर आ जाता है। इस अधिकमास को पुरूषोत्तम मास भी कहते हैं। अधिक मास 17 मई से शुरू होकर 15 जून को समाप्त होगा। इस महीने को भगवान विष्णु को समर्पित मानते हैं। जिसमें पूजा-पाठ, दान-धर्म, व्रत, मंत्र जप और तीर्थस्नान विशेष फलदायी माना जाता है।

### 2026 में संवरेगा जिला: शिक्षा, स्वास्थ्य और सिंचाई में भी होंगे कई काम

# बदलेगा एस्ट्रोटर्फ, सिंथेटिक ट्रैक की मिलेगी सौगात, दो बायपास भी बनेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आज से शुरू होने जा रहा नया साल कई मायनों में जिले के लिए खास होने वाला है, जहां हॉकी की नर्सरी के रूप में पहचाने जाने वाले राजनांदगांव के अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम की दशा सुधारने छह करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। वहीं मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ट्रॉमा यूनिट, दो बायपास सहित कई महत्वपूर्ण विकास काम भी इस साल रूप लेते हुए दिखाई देंगे।

उल्लेखनीय है कि साल 1973 में जिला बनने के बाद से ही राजनांदगांव जिले ने हर गुजरते साल के साथ ही नए आयाम हासिल किए हैं। विकास की दिशा के साथ ही स्वास्थ्य, शिक्षा और खेल के क्षेत्र में जिले के भीतर सुविधाएं बेहतर हुई है। इस आने वाले साल में भी इन सभी क्षेत्र में कई नए प्रोजेक्ट तैयार कर लिए गए हैं। कुछ की स्वीकृति भी पहले ही मिल चुकी है। जिससे जिले की स्थिति और बेहतर होगी।




### ऐतिहासिक काम होंगे



जिले के विकास की रफ्तार इस साल और तेज होगी। खेल, शिक्षा और स्वास्थ्य पर फोकस किया जाएगा। सड़कों की स्थिति और बेहतर करने की दिशा में कदम उठाए जाएंगे।

- डॉ रमन सिंह, विस अध्यक्ष

## शिक्षाः डिजीटल क्रांति से बदलेगी व्यवस्था



शिक्षा के क्षेत्र में इस साल डिजीटल क्रांति देखने को मिलेगी, जहां आज से शिक्षकों की मॉनिटरिंग के लिए ई-विद्या केंद्र का सहारा लिया जाएगा। वहीं इसके पांच चैनल के जरिये 9वीं से 12वीं के बच्चों को ऑनलाइन क्लासेस भी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही स्थानीय स्तर पर शिक्षा विभाग भी अपने यू-ट्यूब चैनल के जरिये बच्चों को वीडियो के सहारे पढ़ाने का काम कर रहा है।

## सिंचाईः तीन मुख्य काम होंगे शुरू

सिंचाई विभाग इस साल तीन बड़े प्रोजेक्ट शुरू कर सकता है। इनमें शिवनाथ नदी पर होने वाला शिवनाथ डायवर्सन मुख्य नहर लाईनिंग कार्य, चौकी से मोहारा तक पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पाईप लाइन बिछाने का काम के साथ ही मोहारा में बनने वाला सस्पेंशन ब्रिज का काम शामिल है।

## स्वास्थ्यः छुरिया में स्वास्थ्य केंद्र खुलेगा

स्वास्थ्य सुविधाओं को सुधारने का काम भी इस साल महकमा करने जा रहा है, जहां छुरिया में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की शुरूआत होगी। वहीं डोंगरगांव एवं डोंगरगढ़ में शहरी स्वास्थ्य केंद्र का संचालन शुरू होगा। इसके साथ ही मेडिकल कॉलेज अस्पताल में आगामी अप्रैल तक ट्रॉमा यूनिट एवं मेडिकल क्रिटिकल केयर यूनिट तैयार किए जाएंगे।

## पीडब्ल्यूडीः पांच सौ करोड़ से अधिक से सुधरेगी सड़कें

पीडब्ल्यूडी विभाग भी इस साल जिले में कई महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट को शुरू या समाप्त करने जा रहा है। इनमें टेड़ेसरा से कलडबरी होते हुए रेंगाकठेरा तक 35 किलोमीटर का बायपास लगभग सौ करोड़ की लागत से, मनकी से पेंड्री तक 12 किलोमीटर तक लगभग पौने दो सौ करोड़ की लागत से बायपास शामिल है। इसके अलावा राजनांदगांव से मानपुर के बीच 282 करोड़ की लागत से एवं राजनांदगांव से खैरागढ़ के बीच 90 करोड़ की लागत से सड़कों के चौड़ीकरण का कार्य भी होना है।

## खेलः सिंथेटिक ट्रैक और नए एस्ट्रोटर्फ की सौगात

एस्ट्रोटर्फ नवीनीकरण 5 करोड़ 92 लाख, टेनिस कोर्ट निर्माण 50 लाख, सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक खेलो इंडिया 9 करोड़। इन स्वीकृतियों के साथ संस्कारधानी अब तेजी से खेलधानी के रूप में विकसित होने की दिशा में बढ़ रही है। एथलेटिक्स और अन्य व्यक्तिगत खेलों में भी खिलाड़ियों के लिए बड़े अवसर खुलेंगे।

# लाल आतंक से मुक्तिः एमएमसी जिला अब नक्सलमुक्त जोन बना

एनिशपुरी गोस्वामी ⏭ मोहला

पूरे एक साल की मशक्कत में मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के बीहड़ों में विकास की एक नई किरण दिखने लगी है। नक्सलियों के बड़े कैडरों का एनकाउंटर में ढेर किए जाने, ऑपरेशन प्रयास के तहत शेष कई नक्सलियों के आत्मसमर्पण करने, अर्बन नेटवर्क और फंडिंग पर बड़ा प्रहार, नक्सली क्षेत्र में कम्युनिटी पुलिसिंग, सिविक एक्शन प्रोग्राम, शिक्षा और बाल मित्र की पहल के साथ जनचौपाल और संवाद से अब मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में नक्सली दहशत और मौतों का तांडव खत्म हो गया है।

इस निर्णायक लड़ाई के बाद अब कानून का राज इस अनुसूचित जनजाति जिले में चलेगा। साथ ही उम्मीद की जा रही है कि नक्सलवाद के समाप्ति के साथ अब विकास की नई धार बहने लगेगी है। पिछले एक साल के भीतर पुलिस कप्तान वाईपी सिंह के कुशल नेतृत्व में दशकों से विभत्स मौतों का पर्याय बने लाल आतंक को मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले से सुरक्षा बल के जवानों ने लगभग साफ कर दिया गया है। नक्सलवाद की समाप्ति के उपरांत जिले के अंदरूनी हिस्से में सड़कों का जाल, स्वास्थ्य व्यवस्था, शिक्षा व्यवस्था, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, बैंकिंग सुविधा, धान खरीदी केंद्र, डाकघर, टॉवर कम्युनिकेशन गांवों से जोड़ी जा रही है। नक्सलवाद के समाप्ति उपरांत मार्ग प्रशस्त हुआ कि इस नवगठित पिछड़े जिले में विकास कार्य बड़े पैमाने पर प्रारंभ होंगे। थाना मदनवाड़ा क्षेत्र में नक्सलियों को जंगल में वर्दी, दवाइयां, जूते और इलेक्ट्रॉनिक सामान पहुंचाने वाले मददगारों को पुलिस ने चिन्हित कर गिरफ्तार किया है।



## अर्बन नेटवर्क और फंडिग पर प्रहार

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले की पुलिस ने लंबी निगरानी और बैंक ट्रांजेक्शन की जांच के बाद थाना मदनवाड़ा क्षेत्र कलवर गांव से आरोपी सुरजू टेकाम और उसके अन्य 4 साथियों को बीजापुर, रायपुर से गिरफ्तार किया। इससे नक्सलियों का आर्थिक तंत्र बुरी तरह प्रभावित हुआ।

## लगातार आपरेशन जारी

नक्सल विरोधी अभियान के तहत अगस्त माह में मदनवाडा खुर्सेकला एनकाउंटर में राजनांदगांव-कांकेर बार्डर डिवीजनल कमेटी मेंबर 8 लाख का ईनामी नक्सली लीडर श्रीकांत पुनेम को 9 एमएम पिस्टन के साथ दबोच लिया गया। 13 अगस्त को मदनवाड़ा थाना क्षेत्र के बंडा पहाड़ी और रेतेगांव के जंगल में डीआरजी और आईटीबीपी की संयुक्त टीम ने खुफिया सूचना पर सर्च ऑपरेशन के दौरान मुठभेड़ में दंडकारण स्पेशल जोनल कमेटी मेंबर विजय रेड्डी, राजनांदगांव-कांकेर बार्डर डिवीजनल कमेटी सचिव लोकेश सलामे का अंत कर दिया।

## आत्मसमर्पण ऑपरेशन प्रयास

फरवरी माह में पवन तुलावी प्रेस टीम कमांडर माड़ डिवीजन और उसकी पत्नी पायके ओयाम प्लाटून 16 सदस्य माड़ डिविजन दोनों पिछले 17 सालों से नक्सल संगठन में सक्रिय थे, जिन्होंने आत्मसमर्पण किया।अप्रैल माह में कोतरी एरिया कमेटी सदस्य एसीएम और एलओएस डिप्टी कमांडर रूपेश मंडावी, जो वर्ष 2012 से नक्सल संगठन में था आत्मसमर्पण किया। जून माह में डिवीजनल कमेटी मेंबर जीवन और उसकी पत्नी अगासा उर्फ आरती पिछले 25 वर्षों से संगठन में सक्रिय थे।

## तेंदूपत्ता लेवी और ठेकेदारों पर सख्ती

जिला पुलिस बल ने इस बार तेंदूपत्ता सीजन से पहले ही ठेकेदारों और मुंशी के साथ बैठकें की और स्पष्ट चेतावनी दी कि नक्सलियों को पैसा देना भी अपराध माना जाएगा। परिणामः कई ऐसे बिचौलियों को हिरासत में लिया गया, जो तेंदूपत्ता ठेकेदारों और नक्सलियों के बीच कूरियर का काम करते थे। जिला बीजापुर से 4 आरोपी गिरफ्तार किए गए।

## आत्मसमर्पण करें नक्सली

नए साल में बचे हुए नक्सली राष्ट्र के मुख्यधारा में जुड़कर पुनर्वास नीति का लाभ उठाते जिले के विकास और यहां के जनजीवन के लिए अपनी अहम भूमिका सुनिश्चित करें।

- वाईपी सिंह, पुलिस अधीक्षक, एमएमसी



## बीहड़ तक पहुंचा विकास...नक्सलगढ़ रहे गांवों में खुल रहे उप डाकघर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले के एक छोटे से गाँव सूडियाल जो मानपुर ब्लॉक के कोराचा पंचायत का आश्रित गांव है। जहाँ सड़क भले न पहुँची हो, पर सरकार की पहल से विकास की एक किरण ज़रूर पहुँच गई हैं। महज ग्यारह घरों का यह पहाड़ी से घिरा हुआ गाँव आज डाकघर की सुविधा से जुड़कर मुख्यधारा का हिस्सा बन गया है। चारों ओर घने जंगल और पहाड़ियों से घिरे सूडियाल गाँव में पहुंचने के लिए न तो सड़क है और न कोई गांव मे पक्का मकान।

**मिल रही सुविधाः** यहाँ के लोगों को खासकर बुजुर्गों और महिलाओं को पेंशन या पैसे निकालने के लिए 15 किमी दूर उबड़ खबर रास्तो से होकर मानपुर तक पैदल या जैसे-तैसे जाना पड़ता था। लेकिन अब कलेक्टर और एसपी की पहल पर बांस की एक झोपड़ी में ही सरकार का डाकघर खुल गया है। यह सिर्फ चिट्ठी-पत्री के लिए नहीं है, बल्कि गाँव वालों को बैंकिंग, पेंशन और सरकारी योजनाओं जैसे उज्ज्वला, किसान सम्मान निधि से भी जोड़ रहा है।


**बेचना है**

रीवागहन चौक के आगे, शिव मंदिर के बाद, भारत पेट्रोल पम्प के पहले, 80 डिसमिल के करीब जगह 2 खेत के अंदर को बेचना है। लेने के इच्छुक संपर्क करें

मो. 9827160174


### माए एंगल




### एक ट्रेन हादसे में पिता ने गंवाया हाथ, उसके बाद मिली प्रेरणा

# लोगों की जान बचाने 39 हजार एमएल रक्तदान

धन्य कुमार जैन ⏭ राजनांदगांव




नई तकनीक आने के साथ गंभीर और लाइलाज बीमारियों का उपचार अब पहले से काफी आसान हो गया है। उपचार के दौरान तब बड़ी परेशानी सामने आती, जब पेशेंट की जरूरत के मुताबिक ग्रुप और पर्याप्त मात्रा में ब्लड उपलब्ध नहीं हो पाता। ब्लड की जरूरत पूरी करने के लिए सरकारी और निजी तौर पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, किंतु लोग अब भी ब्लड डोनेट करने में अपेक्षित रूचि नहीं दिखा रहे हैं। वहीं जिले में एक ऐसा भी रक्तदाता है, जो अब तक 39 हजार मिलीलीटर रक्तदान कर चुका है। रक्तदान करने का यह रिकॉर्ड डोंगरगांव ब्लॉक के अधीन आने वाले ग्राम अर्जुनी के रक्तवीर फणेन्द्र जैन ने बनाया है।

अर्जुनी के रक्तवीर फणेन्द्र जैन बताते हैं कि बचपन से ही समाजसेवा में उनकी रूचि रही है। गांव में जब भी कोई बीमार होता था, तो हरसंभव मदद करने का प्रयास करते थे। वहीं सालों पहले उनके परिवार में घटी घटना ने न सिर्फ उन्हें हिला दिया, बल्कि कुछ अलग करने की दिशा दी। हुआ यह था कि उनके पिता हुकुमचंद वैद एक ट्रेन हादसे के शिकार हो गए थे। इस घटना में उनके पिता ने एक हाथ गंवा दिया था। घटना के बाद इलाज के लिए खून के लिए उन्हें काफी हलाकान होना पड़ा था। इसी दौरान अस्पताल में उन्होंने अन्य मरीजों को खून के लिए परेशान और दम तोड़ते बेहद करीब से देखा था। अंदर तक झकझोर देने वाली घटना से इस बात का भान हुआ कि रक्तदान करना कितना जरूरी है और उन्होंने रक्तदान अभियान चलाने का निश्चय किया। अब तक वह विभिन्न ब्लड बैंक और अस्पताल को लगभग एक लाख यूनिट ब्लड मुहैया करा चुके हैं।

## कहा नहीं कर दिखाया

श्री जैन कई सालों से रक्तदान को लेकर जागरूकता अभियान चला रहे है। वहीं वह न सिर्फ लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं, बल्कि कथनी को करनी में मूर्तरूप देते हुए स्वयं भी रक्तदान कर लोगों के लिए मिसाल बने हुए हैं। श्री जैन अब तक करीब 130 यूनिट ब्लड डोनेट कर चुके हैं।

## जरूरतमंदों को राहत

जिलेभर में शिविर का आयोजन कर वह रक्त एकत्रित कर अपना ब्लड बैंक रायपुर, राजनांदगांव ब्लड बैंक और शासकीय अस्पताल को मुहैया करा रहे हैं, ताकि गंभीर रोग से ग्रसित और जरूरतमंदों को खून मिल सके। श्री जैन की पहल से हजारों लोगों को लाभ मिल चुका है।

## बदल रही सोच

लंबे समय से चलाए जा रहे जागरूकता अभियान से रक्तदान को लेकर लोगों के बीच व्याप्त भ्रांति अब खत्म होने लगी है। शहर और गांव में लगने वाले रक्तदान शिविरों में बड़ी संख्या में महिला-पुरूष और युवा स्वस्फूर्त रक्तदान करने सामने आने लगे हैं।


**संजीवनी** नर्सिंग होम

हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल



डॉ. रजत देब

कंसल्टेंट एंडोक्राइनोलॉजिस्ट (व्यस्क एवं बाल चिकित्सक) डीएम एंडोक्राइनोलॉजी (कोलकाता) एमडी मेडिसिन, एमबीबीएस (गोल्ड मेडलिस्ट)

अंचल के प्रथम एवं एकमात्र मधुमेह (डायबिटीज) थायरॉइड एवं हार्मोन के सुपर स्पेशलिस्ट (DM)

जनवरी 2026 से प्रत्येक शनिवार को सुबह 10:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक परामर्श हेतु उपलब्ध रहेंगे

: अनुभव :

नील रतन सरकार मेडिकल कॉलेज, कोलकाता

महात्मा गांधी अस्पताल, इंदौर

- रोग / लक्षण के लिए संपर्क करें -

• हाई कोलेस्ट्रॉल • मोटापा • इंसुलिन से संबंधित जानकारी • बच्चों में छोटा कद • पीसीओडी • कमजोर हड्डियाँ • पुरूषों में स्तन वृद्धि • सेक्युअल डिसफंक्शन • महिलाओं के चेहरे पर अधिक बाल

आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल

पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)

24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

# परहित सरिस धर्म नहिं भाई, पर पीड़ा सम नहिं अधमाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

दूसरों की भलाई के समान कोई दूसरा धर्म नहीं है इस सूत्र वाक्य को आधार बनाकर नगर के क्षीरसागर जीव दया आश्रम में आठ सालों से बेजुबान और लोगों की आस्था की प्रतीक गायों की सेवा की जा रही है। इस आश्रम में बीमार और घायल गायों की समाधि होने तक देखभाल की जाती है।

गाय जिसके साथ बारे में कहा जाता है कि उसमें देवी देवताओं का वास होता है। ग्रंथों में भी गायों की महिमा का बखान किया गया है, किंतु वर्तमान में उनकी दशा किसी से छुपी नहीं है। आस्था की प्रतीक गाएं अब लावारिश भटकने मजबूर है जिससे आए वह हादसे की शिकार भी हो रही है। खेदजनक विषय है कि घायल और बीमार गायों की सुध लेने से पशुपालक भी परहेज करने लगे है। गायों की दुर्दशा को देखते हुए आठ साल पहले नगर के कुछ सेवाभावी युवाओं ने जैन आचार्य विद्यासागर महाराज की प्रेरणा से क्षीरसागर जीव दया आश्रम की स्थापना किया था जो वर्तमान में जीव दया का बड़ा केंद्र बन गया है। इस आश्रम में पहले दिन एक गाय रखा गया था किंतु वर्तमान में यहां प्रतिमाह 20 से 25 बीमार, बूढ़ी और हादसे की शिकार गाएं आती हैं।

### बढ़ते जा रहा कारवां

एक गाय के साथ शुरू हुए इस आश्रम में मवेशियों के आने की संख्या लगातार बढ़ रही है साथ यहां होने वाले खर्च में अपना योगदान देने वालों की संख्या बढ़ रही है। नगर के अभिषेक, सुनील, प्रवेश, सतीश,धर्मेंद्र, दीपेश, राहुल राही, अनिल, महेश टावरी, महेंद्र मानिकपुरी, संजय, डोंगरगढ़ के नंदकिशोर अग्रवाल, राजनांदगांव नंदकिशोर भूतड़ा, भिलाई के विनोद जैन सहित अन्य गौ सेवा के लिए मदद करते आ रहे हैं।



### दर्द से निजात का प्रयास

शहर सहित आसपास गांवों ने हादसा होने या किसी गाय के बीमार होने की खबर मिलने पर आश्रम के सेवाभावी लोग किट के साथ मौके पर पहुंच कर उपचार करते है। स्थिति के क्रिटिकल होने पर गाय को आश्रम में लाकर उपचार किया जाता है। यहां बिना सरकारी मदद के उपचार के साथ आहार का प्रबंध है।

### फिजूलखर्ची से तौबा

आश्रम में होने वाली मवेशियों की देखभाल को देखकर लोगों की सोच में भी बदलाव आया है। बर्थडे, सालगिरह , न्यू इयर की पार्टी में फिजूलखर्ची करने के बजाए लोग अब स्वस्फूर्त आर्थिक सहयोग करने लगे हैं।

### छोटे बच्चों जैसी देखभाल

नाम के अनुरूप इस आश्रम में दया का भाव रखते हुए बूढ़ी, बीमार और जख्मी गायों की बच्चों के समान देखभाल की जाती है। नगर के अनिल जैन, बीरेंद्र, आलोक ने यहां सेवा देना अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल कर रखा है। वहीं अभिषेक, प्रवेश, सुजीत, अनंत, टुकटुक सक्षम, सिद्धार्थ, चीकू, रितिक, अक्षय, राहुल सोनी, अशोक देवांगन गोधन की सेवा में तत्पर रहते है। इस आश्रम में गायों की देखभाल तो किया जाता है साथ ही जब ऐसा लगता है मवेशी की आयु पूरी हो गई है तो नियमित रूप में णमोकार मंत्र सुनाकर समाधि कराया जाता है।

## खबर संक्षेप

### महाराजपुर मंडई दो को

**चिचोला।** महाराजपुर में नववर्ष के अवसर पर 2 जनवरी को मंडाई मेला का आयोजन रखा गया है। रात्रि में लोगो के मनोरंजन के लिए रंगधारा ओनवा रावेली के कार्यक्रम का मंचन होगा। इसी क्रम में 4 जनवरी को रामचरित्र मानस सम्मेलन का आयोजन रखा गया है। यह जानकारी त्रिलोक कंवर एवं मनोज साहू ने दी।

### खैरा नवापारा में मनी घासीदास जयंती

**सड़क अतरिया।** ग्राम पंचायत खैरा नवापारा में मंगलवार को गुरू घासीदास जयंती श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। अतिथि पूर्व विधायक कोमल जंघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार एवं सरपंच संघ अध्यक्ष प्रकाश जंघेल थे। अतिथियों के स्वागत बाद गुरू घासीदास के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना किया गया। जैत खाम पर पाला चढ़ाया गया। इस मौके पर श्री जंघेल ने घासीदास के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्श को अपनाने कहा। श्री ताम्रकार ने त्याग, तपस्या, निष्ठा और लोगों को जोड़ने के विचारों को नमन कर विचारों को अपनाने की बात कही। इस मौके पर केसलाल मंडावी, बोधन सिंह मेरावी, रोशन जंघेल, किशुन मिर्चे, रामजी भारती सहित अन्य मौजूद थे।



### मानस गायन स्पर्धा 10 से

**पटेवा।** पटेवा में आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन 10 एवं 11 जनवरी को किया गया है। जिसमें ख्याति प्राप्त 20 मानस मंडलियों को प्रवेश दिया गया है। इसी दिनांक को हरडुवा, सलोनी, छोटे टेमरी में भी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।

### दाखिला बढ़ाने दिया गया मार्गदर्शन

**टेडेसरा।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में गत दिनों प्रधानाचार्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सह प्रांत प्रमुख चिंताराम साहू, प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुदामाराम साहू, जिला अध्यक्ष ग्राम भारती बुंदा वर्मा, तिलक सिन्हा, अनिल साहू, पूनमचंद साहू के अलावा 19 प्रधानाचार्य शामिल हुए। सुदामा साहू ने प्रान्त की योजना के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने मकर संक्रांति पर्व पर भैया, बहनों को अन्न दान हेतु प्रेरित करने, बसंत पंचमी को विद्याआरंभ संस्कार आयोजित कर अधिक से अधिक प्रवेश कराने कहा गया। शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम, नवोदय, प्रयास परीक्षा की तैयारी कराने मार्गदर्शन दिया गया। अंत में जिला ग्राम भारती अध्यक्ष श्रीमती वर्मा ने आभार ज्ञापित करते हुए प्रधानाचार्यों क्रो आगामी कार्य योजना बनाने प्रेरित किया। यह जानकारी प्रधानाचार्य धनीराम यादव ने दी।



### छात्रों को उपचारात्मक शिक्षा

**जेवरतला रोड।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा की वाणिज्य व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी सितंबर से निरंतर स्वैच्छिक उपचारात्मक शिक्षण दिया जा रहा है। तिमाही और अर्द्धवार्षिक के प्राप्तांको के आधार पर विद्यार्थियों को विभिन्न समूहो में बांटते हुए कठिन चैप्टर पर व्यक्तिगत तौर पर ध्यान देते हुए अतिरिक्त अभ्यास कराया जा रहा है ताकि उनकी कमियां दूर हो सके। प्राचार्य आरके देवांगन ने व्याख्याता एंथोनी के प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि उपचारात्मक शिक्षण से बोर्ड परीक्षा का परिणाम बेहतर रहता है।



### बाल दिवस पर शहादत को किया नमन

**डोंगरगांव।** डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय में गत दिनों वीर बाल दिवस मनाया गया। हिंदी विभाग के संभागार में प्राचार्य डॉ. एके धमगाये के मार्गदर्शन तथा रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ.आशाराम साहू, प्रो. प्रियांकी गजभिए के नेतृत्व में वीर बाल दिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर प्राचार्य ने वीर बाल दिवस मनाए जाने के उद्देश्य पर अपनी बात रखी। उन्होंने बताया कि सिक्ख धर्म के दसवें गुरु गोविंद सिंह के पुत्र जोरावर सिंह और फतेह सिंह ने बलिदान दिया था जिसकी स्मृति में यह दिन मनाया जाता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए।



### पटपर में मंडई आज

**मेढ़ा।** ग्राम पंचायत पटपर में कल 1 जनवरी को मंडई मेला का आयोजन रखा गया है। रात्रि मे नवा किरण छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी भंडारपुर का कार्यक्रम होगा। इसी तरह 3 जनवरी को नवागांव मेंढ़ा में मंडई मेला का आयोजन रखा गया है। रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम चिन्हारी का आयोजन होगा।

---

हास्पिटल में समय पर कोई नहीं पहुंचता

# लापरवाही में मरीज इलाज के लिए भटकने मजबूर

## ग्राम पंचायत बुंदेली का हाल बेहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

ग्राम पंचायत बुन्देली में प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र खुलने से गांव सहित आस पास लोगों ने राहत की सांस लिया था। उन्हे उम्मीद थी कि अब उन्हें बीमारी के ईलाज कराने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। ग्राम में प्राथमिक स्वास्थ खुलने तथा चिकित्सक की नियुक्ति होने के बाद भी ग्रामीणों को यथोचित लाभ नहीं मिल रहा है।

जानकारी के अनुसार चिकित्सालय खुलने के समय मरीज यहां पहुंच जाते है और उन्हे चिकित्सक का घंटों इंतजार करना पड़ता है। कई बार तो ऐसा होता है कि मरीजों को बिना इलाज कराए ही लौटना पड़ जाता है। यह हालात बुधवार को भी देखने को मिली। मरीज चिकित्सालय पहुंच गए थे किन्तु घंटों बाद भी न चिकित्सक पहुंचा और न कोई अन्य कर्मचारी। इलाज कराने पहुंचा तिहारू चेलक ने बताया कि वह इलाज कराने चिकित्सालय आया था। घंटा भर से अधिक समय तक अंतजार करने के बाद भी चिकित्सक के नहीं आने से इलाज नहीं हो पाया है।



### मुख्यालय में निवास नहीं

जानकारी अनुसार सरकारी कर्मचारी को मुख्यालय या आस पास निवास करना होता है। ताकि समय पर कार्यस्थल पहुंच सके। पर यहां ऐसा नहीं हो रहा है। यहां के कर्मचारी लम्बी दूरी तय कर चिकित्सालय पहुंचते हैं जिस कारण समय पर कर्मचारी उपलब्ध नहीं रहते। ग्रामीणों ने चिकित्सक एवं कर्मचारियों को मुख्यालय में निवास करने हेतु निर्देशित करने की मांग की है।

### बीएमओ से शिकायत

मरीज एवं ग्रामीणों की लगातार शिकायत के बाद सरपंच दिवाकर सोनी ने खंड चिकित्सा अधिकारी को आवेदन देकर चिकित्सा व्यवस्था को लेकर शिकायत की है। जानकारी अनुसार उक्त चिकित्सालय में नियुक्त डां एम चन्द्रवंशी को बुधवार को रैमाडवा स्वास्थ केन्द्र व्यवस्था में भेजा गया था किन्तु वह वहां भी समय पर नहीं पहुंचे थे।

### आरोप निराधार

ग्रामीणों का आरोप निराधार है। सभी कर्मी समय पर अस्पताल पहुंचकर लोगों का उपचार करते हैं।

- डॉ. एम. चन्द्रवंशी

### मरीजों से दुर्व्यवहार

सरपंच दिवाकर सोनी ने बताया कि चिकित्सक कभी भी समय पर नहीं पहुंच रहा है। मरीज इलाज कराने जाते हैं उनके साथ बुरा व्यवहार करने की शिकायत लगातार मिल रही है। उन्होंने बताया कि चिकित्सक कई बार तो मरीजों पर हाथ भी उठा देता है। इस शिकायत को लेकर सरपंच सहित युवराज, भगवती पाल, उमेश कुमार, ईश्वर, ओमप्रकाश, महेन्द्र कुमार, रामकिशन, आशीष, लोकेश, कुबेर, चन्द्रभान, विनय, चन्द्रेश सहित अन्य ग्रामीणों ने स्वास्थ अधिकारी से मुलाकात की है।

---

# औंधी क्षेत्र को आज मिलेगी नई सौगात




हरिभूमि न्यूज ⏭ औंधी

नए साल के आगमन के साथ ग्राम एक नई करवट लेने वाला है। दशकों तक दूरी और दुर्गमता की पहचान रखने वाला इस क्षेत्र में प्रशासन अब लोगों के करीब हो जाएगा। कल एक जनवरी का सभी नए साल का स्वागत करेंगे तब औंधी के 114 गांवों के ग्रामीणों को तहसील कार्यालय भवन सौगात के रूप में मिलेगा। इसकी शुरूवात के बाद ग्रामीणों की सालों पुरानी उम्मीद साकार रूप लेगी।

उल्लेखनीय है कि अंचल के लोगों को राजस्व संबंधी काम के लिए अब तक 70 किमी की दूरी तय करना पड़ता था। तहसील कार्यालय के शुरू होने के साथ यह सफर चंद कदमों में सिमट जाएगा। यह बताना जरूरी है कि 22 सितंबर 2023 को औंधी को तहसील का दर्जा मिला था। इससे पहले लोगों को जमीन का नक्शा, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र आदि के लिए मानपुर जाना पड़ता था।

### सालों का सपना होगा साकार

कार्यालय भवन के उद्घाटन के साथ अंचल की 45 से 50 हजार की आबादी अब मुख्यधारा से जुड़ा महसूस करेगी। राजस्व संबंधी मामलों के तेजी से निराकरण होने के साथ प्रशासनिक कसावट आने की उम्मीद है।

### डिजिटल क्रांति और प्रशासनिक सक्रियता

औंधी तहसील का गठन केवल फाइलों का बंटवारा नहीं था, बल्कि यह डिजिटल इंडिया को वनांचल तक पहुँचाने का प्रयास था। तहसील कार्यालय में आधार केंद्र खुलने से आदिवासियों को बैंक केवाईसी, राशन कार्ड लिंकिंग और किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं का लाभ बिना बिचौलिए के मिल रहा है। पट्टों के सत्यापन और वितरण में औंधी ने मिसाल पेश की है।

---

## विशिष्ट सेवा वाले युवाओं का सम्मान



**चिचोला।** नागरकोहरा में बीते दिनों सम्मान समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के वह युवा जो सेना, शिक्षा, पुलिस, पंचायत विभाग में सेवा दे रहे है का सम्मान रामचरित मानस प्रचार समिति ने किया। मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा थे। अध्यक्षता अशोक मरकाम ने की। कार्यक्रम में सरपंच रेवती कंवर, कुंदन बडोले, पीताम्बर कंवर, नूतन राम साहू, खिलेन्द्र साहू, छगन लाल साहू, चंद्रभान साहू, ढेलू राम साहू, केवल राम साहू, भारत साहू, रवि वैष्णव, ऊदल सिंग कंवर, श्रवण ठाकुर, शत्रुघ्न साहू, भगवान दास साहू, इन्द्र कुमार साहू, पुरन साहू, यादव साहू,पुनऊ साहू, देवराम ठाकुर, मोरध्वज साहू, किशोर सहारे, हेमंत निर्मलकर, शिवनारायण सिन्हा, लीलू कंवर, दलेश साहू, होरीराम, नेमीचन्द्र साहू, गोविंद ठाकुर, लिखन साहू आदि शामिल हुए।

# शिशु मंदिर में सप्त शक्ति संगम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में गत दिनों सप्त शक्ति संगम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि सरपंच ललिता साहू थी। अध्यक्षता बूंदा वर्मा ने की। वक्ता खुशबू रानी साहू, नेहा विजय जैन, विशिष्ट अतिथि चंद्रकला सोनकर एवं गायत्री साहू थी। शुभारंभ के बाद अतिथियों परिचय कराया गया। दीदियों ने समूह गीत एवं प्रस्तावना प्रस्तुत किया। भारत की साहसी महिलाएं, छत्तीसगढ़ महतारी, रानी लक्ष्मीबाई, अहिल्याबाई होल्कर, पहली शिक्षिका सावित्रीबाई फुले, राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू, महिला क्रिकेटर हरमनप्रीत कौर, विश्व विजेता कबड्डी संजू देवी, रानी दुर्गावती आदि की वेशभूषा धारण कर बहनों ने अलौकिक अभिनय कर महिलाओं को उनकी शक्ति का एहसास कराया। वक्ता खुशबू रानी साहू ने कुटुंब प्रबोधन में भारतीय दृष्टि एवं पर्यावरण, नेहा विजय जैन ने विकास में महिलाओं के योगदान पर अपने विचार रखे।इस मौके पर प्रश्नोत्तरी एवं खेल की विजेता महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान हेमराय सिन्हा, छन्नूलाल हिरवानी, डामन जोशी, कुलेश्वरी साहू, आशा साहू, राधा इंदोरिया, प्रियंका, अर्चना यदु, भूपेश्वरी, विनीता, इंद्रजीत साहू, डिकेश साहू, तोरण सोनकर, पालेंद्र नेताम उपस्थित थे।



---

## कांग्रेस ने घेरा खाद्य विभाग, राशन संबंधी मामलों को उठाया

# केवाईसी नहीं होने से राशन वितरण अटका

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

समय पर राशन दुकानें नहीं खुलने, महिला समूह पर राशन दुकान समर्पण करने दबाव, केवाईसी नहीं होने पर राशन आबंटन रोकने सहित अन्य मुद्दों को लेकर शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार के नेतृत्व में आज बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर खाद्य विभाग का घेराव किया। कांग्रेस कमेटी द्वारा खाद्य विभाग से जानकारी मांगी गई है कि कितनी राशन दुकानों को निरस्त किया गया और किसे आबांटित किया गया है। वहीं ई-केवाईसी नहीं होने पर कितने लोगों का राशन रोक दिया गया है। इसके साथ ही कांग्रेस कमेटी ने कहा कि राशन दुकानें समय-बे-समय खुलती है। उन्होंने मांग करते कहा कि सभी राशन दुकान सुबह 10 से 5 बजे तक खुली रहे, इसकी नोटिस विभाग द्वारा चस्पा कराई जाए।



### दुकान समर्पण करने दबाव

खाद्य विभाग का घेराव के मामले में शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि केवाईसी नहीं होने के नाम पर बुजुर्गों, बच्चों का राशन राज्य सरकार ने बंद कर दिया है। उन्होंने कहा कि ई-केवाईसी की प्रक्रिया होती रहेगी, लेकिन राशन नहीं रोका जाना चाहिए। वहीं उन्होंने बताया कि शहर की लगभग 20 दुकान है, जिसे महिला समूह द्वारा संचालित की जा रही है, उसे टारगेट करते दुकानों को सरेंडर करने दबाव बनाया जा रहा है, ताकि इन दुकानों का आबंटन भाजपा से जुड़े लोगों को कर सके।

### नियमानुसार हो रही कार्रवाई

कांग्रेस के आरोपों को लेकर खाद्य अधिकारी रविंद्र सोनी ने कहा कि दुकान खोलने और बंद होने का समय राशन दुकानों के बाहर चस्पा कराया जाएगा। वहीं ई-केवाईसी सभी राशन कार्डधारी को करना अनिवार्य है, तभी राशन का आबंटन होगा। वहीं उन्होंने बताया कि राशन दुकानों पर नियमानुसार पीडीएस कंट्रोल ऑर्डर के तहत ही कार्रवाई होगी और गलत करने वाले दुकानदारों पर भी कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार का दबावपूर्वक दुकानों को समर्पण नहीं कराया जा रहा है, जो दुकान नियम अनुसार नहीं चल रही है और बेनामी चल रही है, जहां अनियमितता है उस पर कार्रवाई जारी रहेगी।

---

## बाल विवाह उन्मूलन का लिया संकल्प

**जेवरतला रोड।** महिला एवं बाल विकास विभाग के बाल विवाह उन्मूलन अभियान के तहत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में संगोष्ठी एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस मौके पर कक्षा 11वीं की पल्लवी, पायल, साधना, देविका, दिव्या, हिमानी, ललिता, लीलम, निधि ने एक संदेश परक नुक्कड़ नाटक व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी के मार्गदर्शन प्रस्तुत किया। प्रभारी प्राचार्य टी एल देवांगन ने कहा कि बाल विवाह की कुप्रथा को समाप्त करने पर जोर दिया। व्याख्याता रेशमी साहू ने बाल विवाह को सामाजिक बुराई बताते हुए कहा कि प्रतिबंधित के बाद भी देश में बाल विवाह हो रहे हैं। इस दौरान व्याख्याता पवन सिन्हा, हेपशीबा एंथोनी ने भी संबोधित किया। संचालन व्याख्याता अजय पाठक ने किया।

# अंधेरे से उजाले तक : 21 गांव की जिंदगी बदलने वाली पहली रात

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

अंबागढ़ चौकी जिले की पहाड़ियों पर उस दिन जैसे हवा भी उत्साह में डूबी हुई थी। सूरज ढल चुका था, लेकिन इस बार अंधेरा उतरने की जल्दी में नहीं था, क्योंकि 21 गांव में पहली बार बिजली की रोशनी जगमगाने वाली थी। शाम होते-होते कातुलझोरा, बोदरा, बडे कट्टापार, बुकमरका, संबलपुर, गट्टेगहन, पुकदा, आमाकोडो, पीटेमेटा, केकडेहूर, टाटेकसा, अरसमेटा, जालवाही, कुंडकाल, रायमनोहरा, आमापैली, मुदेली, नैनगुडा, मेटातोडके, घोटियाकन्हार, बोदरा तक 21 गांव के हर घर के सामने लोगों की भीड़ जमा थी। बच्चों की आंखों में चमक थी, महिलाएं दरवाजे पर खड़े होकर उस पल का इंतजार कर रही थी और बुजुर्ग शायद विश्वास करने की कोशिश कर रहे थे कि दशकों बाद उनकी जिंदगी के आखिरी पड़ाव में उनका गांव भी बिजली से रोशन हो रहा है और फिर एक क्लिक के साथ गांव में पहली बार बल्ब जगमगाया। पहली रोशनी देखते ही बच्चों ने तालियां बजानी शुरू कर दी। गांव की महिलाएं खुशी से खिल उठी, अब हमारे बच्चे रात में पढ़ पाएंगे ये बोली। कुछ बुजुर्गों की आंखें नम हो गई। जैसे किसी पुराने सपने ने अचानक जिंदगी पा ली हो।



### पहाड़ों-पगडंडियों को चीरकर पहुंची उम्मीद

यह सफर आसान नहीं था। कहीं घने जंगल, कहीं पत्थरीले पहाड़, तो कहीं ऐसे रास्ते जिन पर केवल पैदल ही चला जा सकता था, लेकिन बिजली विभाग की टीम रोज सुबह निकलती और देर रात लौटती, केवल एक लक्ष्य के साथ कि इन गांवों की किस्मत बदलनी है। विद्युत मंडल की मेहनत का फल अब इन गांवों के हर घर-आंगन में बिजली जगमगा रही है।



## खनन के खिलाफ 55 गांवों का ऐलान

# क्षेत्र में खनन समर्थक नेताओं और अधिकारियों का गांव में प्रवेश प्रतिबंधित

## महापंचायत में लिया गया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले के छुईखदान ब्लाक के दनिया-अतरिया परिक्षेत्र में खनन के खिलाफ ग्रामीणों का आक्रोश अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया है। क्षेत्र के संडी, पंडरिया, विचारपुर, भरदागोड़, बुंदेली, हनईबन, जगमड़वा, रैमड़वा, मरतकठेरा, सीताडबरी, मैंहर, जोम, उदान, तेंदूभाठा, माणिकचौरी, नवागांव, सुराडबरी, चारभाठा, दनिया, कोटरा, कुकुरमुड़ा, भुरभूसी, खैरी, गोकना, बागुर, पत्थर्रा, बिरनपुर, धोधा, नवापारा, काशीटोला, कालेगोंदी, मंजगांव, गर्रा, जंगलपुर सहित कुल 55 गांवों के किसानों और ग्रामीणों ने ऐतिहासिक और कड़ा फैसला लेते हुए खनन समर्थक नेताओं और अधिकारियों के गांव में प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का ऐलान कर दिया है।

20 दिसंबर को आयोजित किसान महापंचायत में सर्वसम्मति से लिया गया जिसे अब गांव-गांव में लगाए गए बैनरों और पोस्टरों के माध्यम से सार्वजनिक कर दिया गया है। ग्रामीणों का साफ कहना है कि प्रस्तावित चूना पत्थर खनन और श्री सीमेंट फैक्ट्री परियोजना उनके जीवन, खेती, जलस्त्रोत और पर्यावरण के लिए विनाशकारी है इसके चलते वो किसी भी कीमत पर इस परियोजना को स्वीकार नहीं करेंगे।

### प्रशासनिक निष्पक्षता संदेहास्पद

ग्रामीणों ने जिले के दो वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि ये अधिकारी निजी कंपनी की प्रेस वार्ता में शामिल होकर कंपनी के पक्ष में बयान दे रहे हैं, जो प्रशासनिक मर्यादाओं के खिलाफ है। ग्रामीणों के अनुसार यह प्रशासनिक शक्ति का दुरुपयोग है और इससे किसानों का प्रशासन पर से भरोसा डगमगा रहा है। गौरतलब है कि खनन के खिलाफ यह आंदोलन बीते दो महीनों से लगातार जारी है। 6 दिसंबर को छुईखदान में आयोजित ट्रैक्टर रैली और विशाल विरोध प्रदर्शन ने प्रशासन को हिला कर रख दिया, जिसके बाद 11 दिसंबर को प्रस्तावित जनसुनवाई भी रद्द करनी पड़ी। अब गांव में प्रवेश निषेध का फैसला आंदोलन को और अधिक धार देने वाला कदम माना जा रहा है। प्रस्तावित चुना पत्थर खनन और श्री सीमेंट फैक्ट्री परियोजना को तत्काल और स्थायी रूप से रद्द करने की मांग साथ ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों को नजरअंदाज किया गया, तो आंदोलन और व्यापक होगा।

### जमीन, पानी और भविष्य की लड़ाई

ग्रामीणों का कहना है कि खनन शुरू होते ही सबसे पहले कृषि भूमि, भूमिगत जल, नदियां-नाले और जंगल प्रभावित होंगे। इससे न केवल वर्तमान पीढ़ी की आजीविका पर संकट आएगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों का भविष्य भी अंधकारमय हो जाएगा और इसी चिंता ने 55 गांवों को एक मंच पर लाकर खड़ा कर दिया है, जहां अब संघर्ष केवल विरोध तक सीमित नहीं बल्कि अपने अधिकारों की निर्णायक लड़ाई बन चुका है। किसानों ने स्पष्ट कर दिया है कि अब कोई भी गांव अकेला नहीं लड़ेगा, बल्कि पूरा अंचल एकजुट होकर खनन के खिलाफ खड़ा रहेगा।

### स्थानीय नहीं जनआंदोलन है यह

किसान अधिकार संघर्ष समिति अध्यक्ष लुकेश्वरी जंघेल ने कहा कि यह लड़ाई केवल खनन के खिलाफ नहीं, बल्कि हमारे अस्तित्व की लड़ाई है। किसान अपनी जमीन, पानी और आजीविका बचाने के लिए पूरी मजबूती से खड़े हैं। वही समिति संरक्षक गिरवर जंघेल का कहना है कि हम अपने गांवों की मिट्टी और पानी की रक्षा कर रहे हैं। हमारे बच्चों का भविष्य सुरक्षित रहे, इसलिए खनन का विरोध कर रहे हैं। यह संघर्ष अब परियोजन रद्द होने तक पीछे नहीं हटेगा। आंदोलन को जिला साहू समाज, जिला लोधी समाज, जिला कोसरिया यादव महासभा, ओबीसी महासंघ सहित कई सामाजिक संगठनों का समर्थन मिल रहा है।

# प्लेसमेंट कर्मियों का छलका दर्द, त्योहारों पर छुट्टी नहीं, उल्टा काट लिया जाता है वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

एक ओर जहां अपनी मांगों को लेकर प्रदेश भर के नियमित कर्मचारी, तहसीलदार और एसडीएम तक हड़ताल पर हैं, वहीं दूसरी ओर नगर की व्यवस्थाओं को अपने कंधों पर थामे रखने वाले नगर पंचायत गंडई के प्लेसमेंट कर्मचारियों का धैर्य अब जवाब दे रहा है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि उनसे दिन-रात काम लिया जाता है, लेकिन बदले में न तो समय पर वेतन मिलता है और न ही शासन की योजनाओं का लाभ। प्लेसमेंट कर्मचारी संघ के अध्यक्ष नवीन नामदेव ने बताया कि कलेक्टर एवं श्रम विभाग द्वारा अक्टूबर 2025 में भी दर वृद्धि नहीं की गई है। अन्य विभागों को लाभ मिल रहा है, लेकिन नगरीय निकाय के इन प्लेसमेंट कर्मचारियों को श्रम सम्मान राशि के लाभ से वंचित रखा गया है। सुशासन तिहार में भी महंगाई को देखते हुए उचित दर वृद्धि हेतु आवेदन दिया गया था, जो आज तक लंबित है।



### सामूहिक अवकाश की तैयारी

अपनी उपेक्षा और आवेदनों पर सुनवाई न होने से नाराज कर्मचारियों ने जल्द ही सामूहिक अवकाश पर जाने का निर्णय लिया है। इस दौरान नवीन नामदेव के साथ गजेंद्र पटेल, रामजी पटेल, पालू साहू, भुनेश पटेल, खिलेश सोरी, सरिता मेरावी, केदार मेरावी, इमरान खान, राजा पटौदी, इसहाक खान, युगल ताम्रकार, सोनिया डगगर, सरस्वती देवांगन, फगनू जायसवाल, प्रतिक यादव, मन्नू यादव, होली यादव, राजू निषाद एवं अन्य सभी प्लेसमेंट कर्मचारी उपस्थित रहे।

### त्योहारों पर काम का इनाम वेतन कटौती

कर्मचारियों ने पीड़ा व्यक्त करते हुए बताया कि गोवर्धन पूजा जैसे बड़े त्योहार के दिन भी उनका वेतन काट लिया गया। उन्होंने कहा हमसे ओवर टाइम ड्यूटी ली जाती है, जिसका कोई अतिरिक्त भुगतान नहीं होता। उल्टा त्योहारों पर छुट्टी मिलने के बजाय हमारा पैसा काट लिया जाता है। संघ ने मांग की है कि उन्हें वर्ष में 12 सवैतनिक अवकाश मिलने चाहिए, ताकि वे अपनी पारिवारिक और अचानक आई समस्याओं का निपटारा कर सकें।

### 10 हजार में गुजारा मुश्किल, फंड की कमी बनीं बाधा

कर्मचारियों का कहना है कि जहां हजारों रुपये पाने वाले नियमित कर्मचारी हड़ताल पर हैं, वहीं मात्र 10 हजार रुपये तक पाने वाले प्लेसमेंट कर्मचारियों को दो महीने से वेतन नहीं मिला है। निकाय में पर्याप्त वसूली न होने के कारण वेतन अटक जाता है। संघ ने मांग की है कि शासन द्वारा पूर्व दैनिक वेतन भोगी के नाम से सीधे फंड जारी किया जाए, ताकि समय पर वेतन भुगतान हो सके।

# सांसद संतोष पांडे का जन्मदिन बना उत्सव



**छुईखदान।** राजनांदगांव लोकसभा के सांसद संतोष पांडे का जन्मदिन छुईखदान में उत्सव के रूप में मनाया गया। स्थानीय विश्राम गृह में आयोजित कार्यक्रम के दौरान आतिशबाजी, जयघोष और उल्लास का माहौल रहा। युवा मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विक्रांत चंद्राकर के नेतृत्व में सांसद का जोरदार स्वागत किया गया। आतिशबाजियों की गूंज और समर्थकों के नारों के बीच सांसद संतोष पांडे का नगर आगमन हुआ। कार्यक्रम में नगरवासियों का हुजूम उमड़ पड़ा था। लोगों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर सांसद को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इसी प्रकार जिला भाजपा उपाध्यक्ष प्रेम नारायण चंद्राकर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाजपा नेताओं, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। सांसद के केक काटते ही पूरा परिसर तालियों और नारों से गूंज उठा। इस अवसर पर पूर्व विधायक कोमल जंघेल, प्रेमनारायण चंद्राकर, खम्मन ताम्रकार, अरविंद शर्मा, गिरीश शर्मा, राजलक्ष्मी पंसारी, अनिल अग्रवाल, हेमंत शर्मा, प्रकाश जंघेल, अवध जंघेल, नेतराम जंघेल, उमाकांत महोबिया, किरण वैष्णव, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष गिरिराज किशोर दास, महावीर सांखला, पन्ना मंडावी आदि मौजूद थे। सांसद संतोष पांडे ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्र के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# राजा देवव्रत सिंह की वैवाहिक स्थिति में गंभीर त्रुटि, उठ रहा एसआईआर पर सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन प्रक्रिया के दौरान गंभीर लापरवाही को लेकर रानी विभा देवव्रत सिंह का आरोप है कि एसआईआर टीम और बीएलओ की गलतियों के चलते पूर्व सांसद व विधायक दिवंगत राजा देवव्रत सिंह की वैवाहिक स्थिति से जुड़ी जानकारी में भारी चूक ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़ा कर दिया हैं।

पद्मा पंत दिवंगत राजा देवव्रत सिंह की तलाकशुदा पत्नी रही हैं और वर्तमान में नितिन पंत की पत्नी हैं उन्हें उदयपुर क्षेत्र के बीएलओ द्वारा फिर भी दिवंगत देवव्रत सिंह की पत्नी के रूप में दर्ज कर दिया गया। यह न केवल तथ्यों के साथ खिलवाड़ है बल्कि कानूनी और सामाजिक दृष्टि से भी अत्यंत आपत्तिजनक माना है। रानी विभा देवव्रत सिंह ने कहा कि यदि एक हिंदू पुरुष के नाम पर इस तरह दो पत्नियों जैसी स्थिति कागजों में दर्शाई जा रही है तो इसमें चुनाव आयोग और संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी क्या है। इस तरह की त्रुटि मतदाता सूची की विश्वसनीयता को प्रभावित करती हैं और लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर भी प्रश्नचिह्न लगा रही हैं। रानी विभा देवव्रत सिंह ने कहा कि जब एक प्रतिष्ठित जनप्रतिनिधि और राजपरिवार से जुड़े व्यक्ति के रिकॉर्ड में ऐसी गलती हो सकती है तो आम नागरिकों के दस्तावेजों में क्या स्थिति होगी इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। उन्होंने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच हो दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई साथ रिकॉर्ड को तत्काल दुरुस्त किया जाए।

प्रशासन ओर से प्रकरण को लेकर जानकारी मिली है कि इस संबंध मे दावा आपत्ति मिला है। सारे पहलूओ की जॉच कर आयोग से मिले दिशा निर्देश अनुसार विधिसम्मत कारवाई की जाएगी।

# विधायक यशोदा के प्रयासों से क्षेत्र को 14 करोड़ से ऊपर की मिली सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

विधानसभा क्षेत्र में आधारभूत संरचना के विकास को नई गति देने बहुप्रतीक्षित सड़कों और उच्च स्तरीय पुलों के निर्माण को बजट में स्वीकृति बाद प्रशासकीय स्वीकृति मिलना विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा के सतत प्रयासों का परिणाम है।जानकारी के अनुसार 25-26 के बजट में शहर से टिकरापारा होकर अकरजन जाने वाले मोती नाला की ऊंचाई चौड़ाई कम होने के कारण आवागमन बार बार अवरुद्ध हो जाता था और मानसुन मे वार्ड दो भागों में विभाजित हो जाता था। लोगों की सालों पुरानी मांग और समस्या को देखते हुए विधायक ने इसे बजट में शामिल कराया और अब उच्चस्तरीय पुल निर्माण के लिए 686.56 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है। इसी तरह गंडई से कृतबांस रोड में सुरही नदी पर उच्चस्तरीय पुल व पहुंच मार्ग के लिए 342.83 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। पुराना रपटा क्षतिग्रस्त होने से आवागमन में असुविधा हो रही थी। इसके अलावा लिमो दुल्लापुर रोड में कर्रा नाला में निर्मित रपटा जर्जर होने के कारण आवाजाही बाधित हो रही थी। उक्त रोड पर भी उच्चस्तरीय पुल और पहुंच मार्ग निर्माण के 382.05 लाख रूपये की प्रशासकीय मंजूरी मिल चुकी है। विधायक यशोदा वर्मा ने क्षेत्र विकास और व्यवस्थित आवागमन सुनिश्चित करने एक दर्जन से उपर जगहों पर उच्च स्तरीय पुल का प्रस्ताव दिया था जिसमे तीन पर प्रशासकीय मुहर लग गई है।



- क्षेत्रवासियों की सालों पुरानी मांग पूरी होने से लोगों में हर्ष
- क्षेत्र में आवाजाही होगी सुगम

### आवाजाही होगी सुगम, विकास को मिलेगी मजबूती

इन तीनों परियोजनाओं के पूरा होने से ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी खासतौर से बरसात के मौसम में होने वाली परेशानियों से राहत मिलेगी वही इलाके के आर्थिक एवं सामाजिक विकास को मजबूती मिलेगी। विधायक यशोदा वर्मा ने स्वीकृतियों के लिए मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री सहित लोनिवि के अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए बजट में शामिल प्रावधानित कार्यों की स्वीकृति का निवेदन किया है। वही क्षेत्र के लोगों ने विधायक का आभार जताते हुए कहा कि उनके प्रयासों से अब गांव में सड़कों व पुल-पुलिया और मूलभूत सुविधाओं का स्वरूप बेहतर हो रहा है।

### श्रेय लेने मची होड़

गंडई क्षेत्र में कर्रा नाला और सुरही नदी में उच्च स्तरीय पुल निर्माण को लेकर एक दिन पहले सोमवार को जिपं अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार ने बयान जारी कर मुख्यमंत्री ग्राम सुराज अभियान तहत कृतबांस में की घोषणा को अमल में लाने के लिए सीएम सहित अन्य का आभार व्यक्त किया है वही मंगलवार दोपहर तक विधायक यशोदा वर्मा ने बजट में स्वीकृति को लेकर अपने द्वारा किए प्रस्तावों की जानकारी साझा करते हुए कर्रा नाला, सुरही नदी के साथ टिकरापारा के मोती नाला में बनने वाले उच्च स्तरीय पुल निर्माण को अपनी उपलब्धि बताया है।

# मयूरी सिंह बनी महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

राष्ट्रीय महिला कांग्रेस की नई कार्यकारिणी की घोषणा के साथ ही खैरागढ़ ने राष्ट्रीय राजनीति में अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज कराई है। खैरागढ़ की मयूरी सिंह को राष्ट्रीय महिला कांग्रेस का राष्ट्रीय सचिव बनाए जाने से पूरे क्षेत्र में खुशी और उत्साह की लहर दौड़ गई है। कई वर्षों बाद खैरागढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर यह महत्वपूर्ण प्रतिनिधित्व मिलने से स्थानीय राजनीति में नई ऊर्जा देखने को मिल रहा है। राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी महासचिव केसी वेणुगोपाल द्वारा 30 दिसंबर को जारी सूची में महिला कांग्रेस की सूची में मयूरी सिंह के नाम की घोषणा होते ही खैरागढ़ छुईखदान गंडई सहित जिले भर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल है। बधाई देने वालों की लगातार भीड़ उमड़ रही है।

### देवराज किशोर दास ने दी शुभकामनाएं

इस अवसर पर जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष देवराज किशोर दास ने जिला कांग्रेस महामंत्री सज्जाक खान के साथ मयूरी सिंह से सौजन्य मुलाकात कर उन्हें इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की। इस दौरान कमलेश यादव भी उपस्थित रहे।

## खैरबना में श्रीमद् भागवत पुराण कथा में उमड़ रही श्रोताओं की भीड़


# गुरु चरण पकड़ने वाले का होता है उद्धार

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

भगवान कहते हैं कि जब गुरु, भक्त और उनके चरण पकड़ने वाले का एक साथ उद्धार का अवसर आता है, तो मैं सबसे पहले गुरु और भक्त के चरण पकड़ने वाले का उद्धार करता हूँ, क्योंकि गुरु और भक्त वही बनते हैं जिनका स्वयं का कल्याण हो चुका होता है।

उपरोक्त उद्गार ग्राम खैरबना में आयोजित श्रीमद्भागवत पुराण कथा के दौरान व्यासपीठ से राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कथा वाचक आचार्य नरेन्द्र नयन शास्त्री ने व्यक्त किए। वह सिलयारी धाम से कथावाचन करने पहुंचे थे। कथा के दौरान उन्होंने श्रद्धालु श्रोताओं को गजेन्द्र मोक्ष की मार्मिक कथा का श्रवण कराया।आचार्य श्री ने सरल और सहज भाषा में कथा का वर्णन करते हुए बताया कि जब गजेन्द्र स्नान कर सरोवर से बाहर निकल रहे थे, तभी एक मगरमच्छ ने उनके पैर को पकड़ लिया। गजेन्द्र कई दिनों तक संघर्ष करते रहे, परंतु सफल नहीं हो सके। अंततः उन्होंने सरोवर से एक कमल पुष्प तोड़कर करुण भाव से भगवान नारायण को समर्पित करते हुए पूर्ण शरणागति के साथ पुकार लगाई। गजेन्द्र की करुण पुकार सुनते ही भगवान नारायण बिना खड़ाऊ धारण किए सरोवर तट पर प्रकट हुए और सुदर्शन चक्र से वध कर उनका पहले उद्धार प्रदान किया, तत्पश्चात गजेन्द्र को मोक्ष दिया।इस पर भक्तों ने प्रश्न किया कि हे प्रभु! आपने अपने भक्त गजेन्द्र का उद्धार बाद में और उसके पैर पकड़ने वाले ग्राह का पहले उद्धार क्यों किया ? भगवान नारायण ने बताया कि जो मेरे गुरु या मेरे अनन्य भक्त के चरण पकड़ लेता है, मैं ऐसे सौभाग्यशाली का पहले उद्धार करता हूँ। क्योंकि गुरु के रूप में मैं स्वयं गोविंद हूँ और भक्तों के हृदय-कमल में भी मैं ही विराजमान रहता हूँ इसीलिए गुरु और भक्त के चरण पकड़ने वाले पर मेरी कृपा सबसे पहले होती है।





### पहले ले गुरू की शरण

कथा का सार यही है कि यदि भगवान की कृपा प्राप्त करनी है, तो सर्वप्रथम गुरु के चरणों में शरण लेनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि आचार्य नरेन्द्र नयन शास्त्री जिन्हें चाय- चावल वाले बाबा के नाम से भी जाना जाता है, अपने तपस्वी जीवन के लिए प्रसिद्ध हैं। उन्होंने दो दशकों से अधिक समय तक केवल जल और चाय पर जीवन निर्वाह किया। वह याचकों के केवल चावल देखकर भूत, वर्तमान और भविष्य की सटीक गणना एवं समाधान करते हैं। सबसे विशेष बात यह है कि सैकड़ों श्रीमद्भागवत कथाओं के पश्चात भी वह चढ़ावा को गरीब बेटियों के विवाह हेतु दान कर देते हैं। स्वयं खाली हाथ श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देकर विदा होते हैं।

# फर्जी लेटर के सहारे नौकरी, चार साल बाद किया विभाग ने बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

राज्य शिक्षा आयोग के फर्जी लेटर के सहारे सरकारी नौकरी करने वाले चार कर्मचारियों को जॉच परीक्षण बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने बर्खास्त किया। जानकारी अनुसार 2021 में टीकमचंद साहू, फगेंद्र सिंहा, रजिया अहमद और अजहर अहमद जिले के अलग अलग शालाओं में सहायक गेड 3 के पद पर कार्य कर रहे थे।

अगस्त 25 को दो जिलों में फैला फर्जी नियुक्ति का नेटवर्क हेडिंग से हरिभूमि में समाचार प्रकाश होने के बाद शिक्षा विभाग हरकत में आया। चारों की नियुक्ति को लेकर पड़ताल के दौरान पता चला कि चारों राज्य शिक्षा आयोग के सचिव डॉ ओपी मिश्रा के आदेश पर सितंबर 2021 से काम कर रहे है जिले में शिक्षा विभाग के अवर सचिव द्वारा जारी मई 22 के आदेश के परिपालन मे उन्हें ज्वाइंनिंग दी गई है। संबंध में डीईओ कार्यालय से राज्य शिक्षा आयोग द्वारा जारी आदेश की सत्यता को लेकर जानकारी लेने पर पता चला कि उक्त क्रमांक का पत्र विभाग ने बैंक ऑफ बड़ौदा की विवेकानंद नगर शाखा को जारी किया है। पत्र के साथ साथ आयोग के सचिव डॉ ओपी मिश्रा का भी हस्ताक्षर उपलब्ध दस्तावेजों से मेल नही खा रहा। मामले में शिक्षा विभाग से मार्गदर्शन और आयोग द्वारा जारी आदेश पत्र को फर्जी पाए जाने पर डीईओ लालजी द्विवेदी ने चारों कर्मचारियों को छग सिविल सेवा नियम 1966 के नियम 10-9 के तहत सेवा से बर्खास्त कर दिया है।

### हाई और हायर में मिली थी पदस्थापना

आयोग द्वारा सितंबर 21 मे जारी पत्र के आधार पर शिक्षा विभाग द्वारा मई 22 में टीकमचंद साहू को हाईस्कूल मोहगॉव, फगेंद्र सिंहा को उमा शाला बकरकट्टा, रजिया अहमद को उमा शाला पैलीमेटा में सहायक गेड तीन के रूप में और अजहर अहमद डाटा एंट्री आपरेटर को छुईखदान बीईओ में पदस्थापना आदेश जारी किया गया था हालांकि इन चारों के अलावा सुश्री सीएच एंथोनी को भी ठाकुरटोला उमा शाला में सहायक ग्रेड 3 के रूप मे पदस्थापना आदेश जारी किया गया था लेकिन उसने अपनी उपस्थिति ही नही दी जिसके चलते पांच में से चार को बर्खास्तगी का फरमान थमाया है।

## सार समाचार

### डीलापहरी में 7 तक शिवमहापुराण कथा

**राजनांदगांव।** ग्राम डीलापहरी में शिवमहापुराण कथा का आयोजन समस्त महिला समूह एवं ग्रामवासियों द्वारा किया जा रहा है। कथावाचक आचार्य पं. अनिल कृष्ण तिवारी महाराज के श्रीमुख से शिवकथा ज्ञान रूपी गंगा प्रवाहित होगी। 30 दिसंबर को कलश यात्रा, वेदीपूजन, कथामहात्म, 31 दिसंबर को शिवलिंग उत्पत्ति, नारद मोह, नंदी जन्म, 01 जनवरी 2026 को सृष्टि वर्णन, शमी मंदार, रूद्राक्ष महोत्सव, 02 जनवरी को सती चरित्र, ताड़कासुर कथा, शिव पार्वती विवाह, 03 जनवरी को संतान वर्णन, गणेश-कार्तिक जन्म कथा, 04 जनवरी को अंधक जन्म, जांलधर, गंगावतरण कथा, 05 जनवरी को सोलह सोमवार, भष्मासुर कथा, पशुपतिनाथ कथा, 06 जनवरी को द्वादश ज्योतिर्लिंग कथा, चढ़ोत्तरी, शोभायात्रा, 07 जनवरी को कंकण में शंकर, पूर्णाहूति, महाप्रसादी होगा।

### जयपुर में वैष्णव राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सम्मानित

**राजनांदगांव।** अखिल भारतीय वैष्णव सेवा संघ मुम्बई की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक 28 दिसंबर को जयपुर राजस्थान में छुईखदान छोटे राजा परिवार के लतारानी लाल जेके वैष्णव राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का सम्मान हुआ। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल जेके वैष्णव ने कहा कि वैष्णव का गुरू वैष्णव ही होना चाहिए। सभी वैष्णवजन को जनेऊ पहनने, तिलक लगाकर तुलसी कंठी माला धारण करने के आध्यात्मिक महत्व को रेखांकित किया।




बैठक में भगवान श्री लक्ष्मीनारायण की पूजा, प्रार्थना पश्चात कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। राष्ट्रीय कार्यकारिणी पिछले बैठक का आयोजन रायपुर होटल बेबीलोन में आयोजित हुआ। बैठक का आभार प्रकट करते राष्ट्रीय महासचिव ओपी बैरागी ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। जिसका सभी ने समर्थन किया। आगामी राष्ट्रीय अधिवेशन अयोध्याधाम उत्तरप्रदेश में आयोजित करने योगेन्द्र महंत इंदौर पूर्व राज्यमंत्री मध्यप्रदेश को सर्वसम्मति से संयोजक बनाया गया। उक्त जानकारी संजय वैष्णव मीडिया प्रभारी ने दिया।

### वृद्धजनों को भोजन, मिष्ठान व मोजे वितरित

**राजनांदगांव।** लायंस क्लब के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष ला. एपी सिंह के जन्मदिवस पर रीजन-7 के रीजन चेयरमैन एमजेएफ ला. राजकुमार शर्मा ने अपने रीजन की ओर से रीजन के सदस्यों को आमंत्रित कर स्थानीय वृद्धा आश्रम में वृद्धजनों को भोजन, मिष्ठान एवं मोजे का वितरण किया गया। कार्यक्रम में रीजन सचिव ला. प्रकाश सांखला, ला. शोभा चौरसिया ने सहभागिता निभाई। यह जानकारी ला. अनीता जैन ने दी।



### निगम की टीम ने पकड़े 8 मवेशी

**राजनांदगांव।** मवेशी धरपकड़ के लिए नगर निगम की गठित टीम शहर के प्रमुख चौक-चौराहों का निरीक्षण कर एवं शिकायत के आधार पर घुमंतु एवं बैठे मवेशियों को पकड़ने की कार्रवाई कर रही है। साथ ही प्रतिदिन रात्रि में टीम मेन रोड एवं मुख्य चौक-चौराहों में बैठे मवेशियों को हकालने का काम भी करती है। मंगलवार को कैलाश नगर, मठपारा, गंज चौक, नंदई, ब्राम्हणपारा, गांधी चौक क्षेत्र से 8 घुमंतू मवेशियों की धरपकड़ की गई। मवेशियों को कन्हारपुरी कांजी हाउस में रखा गया है, जहां उन्हें मंडी से बचे फल-सब्जी का पौष्टिक आहार दिया जा रहा है। साथ ही निदान 1100 में किए शिकायत तथा अन्य शिकायतों पर भी मवेशी पकड़ निराकरण किया जाता है। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा द्वारा घुमंतू मवेशियों को पकड़ने गठित टीम चौक-चौराहों से घुमंतू मवेशियों को पकड़ने की कार्रवाई कर रही है तथा रात्रि में मेन रोड व मुख्य चौक-चौराहों में बैठे व घूमते मवेशियों को हकालने का काम कर रही है। मंगलवार की कार्रवाई में शहर के आंतरिक क्षेत्र से 8 मवेशी पकड़ा गया। मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस में रखा जाता है, जहां उन्हें पैरा-कुट्टी के साथ-साथ बसंतपुर गंज मंडी से बचे फल-सब्जी प्रतिदिन लाकर खिलाया जा रहा है, ताकि उन्हें पौष्टिक आहार मिलता रहे। बीमार मवेशियों को गौशाला पिंजरापोल ले जाकर ईलाज भी कराया जाता है। साथ ही उन्हें छोड़ने पर 570-570 रुपए संबंधित से अर्थदंड लेकर मवेशी छोड़ा जाता है।



### स्वच्छता दीदीयों को 2 माह का भुगतान

**राजनांदगांव।** संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास छत्तीसगढ़ नवा रायपुर द्वारा नगर पालिक निगम राजनांदगांव में मिशन क्लीन सीटी योजना अंतर्गत स्वसहायता समूह की स्वच्छता दीदीयों को माह अक्टूबर 2025 का 31 लाख 61 हजार 568 रुपए तथा माह नवंबर 2025 का 32 लाख 22 हजार 124 रुपए मानदेय का भुगतान किया गया है। इस तरह नगर पालिक निगम राजनांदगांव द्वारा स्वच्छता दीदीयों को अक्टूबर एवं नवंबर माह में कुल 63 लाख 83 हजार 692 रुपए का भुगतान किया गया है।

नगर पालिक निगम राजनांदगांव से प्राप्त जानकारी के अनुसार डोर-टू-डोर स्वच्छता का कार्य करने वाली दीदीयों को शासन की ओर से स्वीकृति प्राप्त होते ही राशि जारी की जा रही है। नगर पालिक निगम राजनांदगांव के 51 वार्ड में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के लिए 17 एसएलआरएम सेंटर संचालित है, जहां 442 स्वच्छता दीदीयां कार्यरत है। स्वच्छता दीदीयों द्वारा घर-घर जाकर कचरा संग्रहण कर एसएलआरएम सेंटरों में कचरा पृथक्करण का कार्य किया जा रहा है।

### बघेरा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय आयुष मिशन अंतर्गत संचालित एनपीसीडीसीएस कार्यक्रम के तहत आयुष विभाग द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर बघेरा में निःशुल्क चिकित्सा एवं जनजागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 31 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिनमें 25 ग्रामीणों की उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह की जांच की गई। परीक्षण उपरांत रोगियों को संतुलित आहार-विहार अपनाने की सलाह दी गई तथा आवश्यकतानुसार औषधियों का निःशुल्क वितरण किया गया। शिविर में ग्रामीणों को गैर-संक्रामक रोगों के कारण, उनके लक्षण एवं बचाव के उपायों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही नियमित योग, प्राणायाम, दिनचर्या एवं ऋतुचर्या के पालन से होने वाले स्वास्थ्य लाभों के बारे में भी जागरूक किया गया। योग चिकित्सक द्वारा विभिन्न योगाभ्यास एवं प्राणायाम का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। शिविर में सरपंच ऐश्वर्या देशमुख, आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेन्द्र मेश्राम, आयुष चिकित्सक डॉ. अनमोल गुप्ता, योग चिकित्सक डॉ. स्नेहा देशमुख, पीटीएस जैतराम यादव, योग प्रशिक्षक मनीष लहरे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



# वनांचल में डेढ़ सौ किलोमीटर का सफर हुआ खत्म मोहला-मानपुर के अस्पताल में सिजेरियन डिलीवरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

कलेक्टर तुलिका प्रजापति के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी विजय खोबागढ़े के के मार्गदर्शन में मोहला बीएमओ डॉ. सीमा ठाकुर, मानपुर बीएमओ गिरीश खोबरागड़े, स्त्री रोग विशेषज्ञ अरविंद वानकर, बीपीएम डॉ. राकेश वर्मा के सार्थक प्रयास से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहला एवं मानपुर में सफल सिजेरियन डिलीवरी ली जा रही है।

इस उपलब्धि से क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को अब 100 से डेढ़ सौ किलोमीटर दूर राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज जाने की आवश्यकता नहीं है। पिछले दो माह के भीतर मोहला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे 21, मानपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 5 सफल ऑपरेशन किया जा चुका है। सभी डिलीवरी में जच्चा-बच्चा स्वस्थ है। इसमें स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अरविंद बनकर, डॉ. दिलीप किशोर शर्मा, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. सुजाता किशोर शर्मा, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सीमा ठाकुर, मानपुर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. गिरीश खोब्रागढ़े, बीपीएम डॉ. राकेश वर्मा तथा पूरी चिकित्सा टीम का विशेष योगदान रहा।

**सभी डिलीवरी में जच्चा-बच्चा स्वस्थ**



#### स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार से व्यापक लाभ

इस आदिवासी वनांचल क्षेत्र में पहले गर्भवती महिलाओं को सिजेरियन डिलीवरी के लिए राजनांदगांव जाना पड़ता था। जिससे परिजनों को आर्थिक एवं प्रसव पीड़ित महिला को शारीरिक तड़प का सामना करना पड़ता था। अब यह सुविधा मोहला-मानपुर में उपलब्ध होने से स्थानीय गर्भवती महिलाओं को बड़ी राहत मिलने लगी है और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार से आमजन को व्यापक लाभ हो रहा है।

### दोनों ही शाखाओं में हजारों खाते, विरोध में उतरे अभिकर्ता

# शहर के दो उप डाकघर को पड़ोसी जिलों में शिफ्ट करने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गुरू घासीदास उप डाकघर गंज मंडी एवं बाजार उप डाकघर रामाधीन मार्ग को प्रधान डाकघर में मर्ज किए जाने और इन उप डाकघर को दूसरे जिले भेजे जाने की तैयारी कर ली गई है। इस कदम के बाद शहर में चार उप डाकघर में महज दो ही शेष रह जाएंगे। जिसका विरोध भी अब शुरू हो गया है। डाकघर में एजेंट के रूप में काम करने वाले लोगों ने सांसद से मिलकर इसे रोकने की मांग की है।

अभिकर्ता विजय कुमार हुंका और सुनील साहू ने बताया कि वर्षों से यहां उप डाकघर है, जहां सुविधा भी अच्छी है, लेकिन अब बोडला और साल्हेवारा में नए डाकघर खोला जा रहा है। जिसके लिए यहां के कर्मचारियों को भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि दोनों ही उप डाकघर में लगभग 10 हजार खाताधारक हैं। उप डाकघर बंद होकर मेन पोस्ट ऑफिस में मर्ज होने से काफी दिक्कत होगी।



#### सांसद के नाम दिया ज्ञापन

सांसद के नाम एक ज्ञापन के माध्यम से डाकघर के अभिकर्ताओं ने कहा कि शहर के बीच गुरू घासीदास उप डाकघर गंज मंडी में और उप डाकघर रामाधीन मार्ग में स्थित है, जो कई वर्षों से शहर के मध्य में संचालित है। इन दोनों डाकघरों में बड़ी संख्या में ग्राहक लाभान्वित हो रहे हैं तथा यह डाकघर बहुत ही अल्प किराये में यहां निर्विघ्न संचालित हो रहे हैं। सभी आम जमाकर्ता को यहां कोई भी परेशानी नहीं है तथा अभिकर्तागण के लिए सुरक्षित है। नगद का लेनदेन यहां सरलता से हो जाता है।

#### लोगों को होगी समस्या

अपने प्रदर्शन के दौरान डाक विभाग के अभिकर्ताओं ने कहा कि उप डाकघर मर्ज होने से बसंतपुर, नंदई, मोहारा, सिंगदई, चौखड़ियापारा, इंदिरा नगर सहित लगभग 15 क्षेत्र के लोगों को समस्या होगी। उन्होंने मांग की है कि डाकघर अभी जैसे संचालित हो रहे हैं, वैसे ही संचालित किया जाता रहे। जिससे व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो सके।

#### करोड़ों रुपए का लेनदेन

मिली जानकारी के अनुसार इन दोनों ही उप डाकघर में करीबन पांच हजार लोग जुड़े हुए हैं। यहां हर महीने लगभग पांच करोड़ रुपए का ट्रांजेक्शन होता है। ऐसे में इन दो महत्वपूर्ण उप डाकघर को बंद किए जाने से बड़ी संख्या में लोग प्रभावित होंगे। यही कारण है कि आदेश के आने के साथ ही विरोध का सिलसिला भी शुरू हो गया है।

## स्तन कैंसर से पीड़ित महिला ने मांगा न्याय

**राजनांदगांव।** स्तन में गांठ का इलाज कराने पहुंची पीड़िता ने गलत इलाज से कैंसर होने का आरोप लगाते अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है और न्याय की मांग की है। जिले के डोंगरगढ़ अछोली निवासी 38 वर्षीय श्रीमती किर्ति डकहा पति अरविंद डकहा ने श्रीराम कृपा हास्पिटल में बिना बायोप्सी जांच किए लापरवाहीपूर्वक आपरेशन करने की शिकायत कलेक्टर को की है।

पीड़िता ने बताया कि उनके ब्रेस्ट में गांठ की शिकायत होने पर वह बुधवारी पारा रोड नरसिंग मंदिर के समीप एक निजी अस्पताल में संपर्क कर अपनी बीमारी के संबंध में बताया, तब उनके द्वारा कहा गया कि मेरे यहां एलोपैथिक चिकित्सक आते हैं, उनके माध्यम से आपका ईलाज हो जाएगा, फिर 1 अगस्त 2024 को सीने में तकलीफ होने पर वह डाक्टर से संपर्क की तो उनके द्वारा 10 दिनों के लिए अंग्रेजी दवा लिखकर दिया गया, पर कोई आराम न मिलने पर वह पुनः डाक्टर से संपर्क की, तब करने पर फिर से दवा लिखकर दिया गया और सोनोग्राफी भी कराया गया। पीड़िता ने कहा कि उन्हें आराम मिलने के बजाय दिन-ब-दिन तकलीफ बढ़ने लगी, तब डॉक्टर द्वारा कहा गया कि स्तन में छोटी सी गांठ है, जिसे आपरेशन से निकाला जाएगा, तब सब कुछ सामान्य हो जाएगा।

पीड़िता ने ज्ञापन में कहा कि सामान्य गांठ बताकर बिना किसी जांच उनका आपरेशन कर दिया गया। जिससे पूरे शरीर मे कैंसर फैल गया है। उन्होंने बताया कि उनका इलाज अभी नागपुर में चल रह है। जिसके कारण उन्हे आर्थिक संकट से गुजरना पड़ रहा है।

## अब तक जिले में 63750 किसानों से 785 करोड़ की धान खरीदी



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

■ अब तक 66873 .25 क्विंटल धान का उठाव

जिले में धान खरीदी अभियान से किसानों में हर्ष व्याप्त है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत धान खरीदी महाभियान के तहत शासन द्वारा समर्थन मूल्य एवं कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक के मान से धान खरीदी की जा रही है। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशन में धान खरीदी सुचारू संचालन के लिए अच्छी व्यवस्था की गई है। धान खरीदी कार्य के लिए इलेक्ट्रानिक तौल मशीन, पेयजल, छांव, बायोमैट्रिक डिवाईस मशीन, श्रमिक एवं अन्य व्यवस्था की गई है। आर्द्रता मापी यंत्र से किसानों के धान का परीक्षण किया जा रहा है। जिले के सभी 96 धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी की दर एवं सूची व फ्लैक्स लगाए गए है।

कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्रों की सतत निगरानी रखने तथा कोचियों एवं बिचौलियों से अवैध धान की खरीदी पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। धान बिक्री के लिए किसान टोकन तुंहर हाथ मोबाइल एप के माध्यम से टोकन प्राप्त कर रहे हैं। जिससे उनके समय की बचत हो रही है और उन्हें सुविधा मिल रही है। उल्लेखनीय है कि अब तक जिले में 63750 पंजीकृत किसानों से 785 करोड़ 42 लाख 45 हजार रुपए मूल्य का 3308026.80 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। धान का उठाव भी लगातार जारी है। अब तक केन्द्रों से 66873.25 क्विंटल धान का उठाव किया गया है।

## राज्य स्तरीय परिचय सम्मेलन और आदर्श विवाह का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मानिकपुरी समाज द्वारा राज्य स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन, आदर्श विवाह, जिला और ब्लॉक पदाधिकारी के अलावा महिला मंडल का शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम का आयोजन शहर के गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में किया गया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में महापौर मधुसूदन यादव और पूर्व सांसद अभिषेक सिंह शामिल हुए।

महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि मानिकपुरी समाज द्वारा अपने समाज के युवक-युवती को उनके कौशल के आधार पर सामाजिक स्तर पर कम्प्यूटर के क्षेत्र में स्किल डेवलपमेंट करने की योजना केवल प्रशंसनीय ही नहीं, बल्कि अनुकरणीय भी है। साथ ही समाज द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने उन्हें प्रशिक्षण देकर घर-घर स्वरोजगार के लिए प्रेरित कर आगे बढ़ाना भी महिलाओं की सशक्तिकरण की दिशा में एक उल्लेखनीय कदम है।

समाज के प्रदेश अध्यक्ष भरत दास मानिकपुरी द्वारा निगम मंडल में समाज के व्यक्तियों की नियुक्ति की मांग पर इस पर भी श्री सिंह ने विचार करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में पूर्व महापौर हेमा देशमुख ने कार्यक्रम में समाज में एकजटता और समन्वय की भूरि-भूरि प्रशंसा करते ऐसे आयोजन करते रहने का समाज से आव्हान किया तथा समाज को अपनी शुभकामनाएं एवं बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन विजय मानिकपुरी तथा आभार प्रदर्शन जिला अध्यक्ष ज्ञानदास मानिकपुरी ने किया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठगण अमर दास मोंगरे, केसरदार मानिकपुरी, लालदास मानिकपुरी, शेखर दास, महंत भीखम दास, एसडी बघेल, इमला मानिकपुरी, कांति, मनीषा मानिकपुरी एवं अंबागढ़ चौकी, मानपुर, मोहला, खैरागढ़, छुईखदान, गंडई, बालोद सहित छत्तीसगढ़ के अलावा महाराष्ट्र एवं उड़ीसा-झारखंड से सामाजिकजन भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।




#### सामाजिक भवन निर्माण का दिया आश्वासन

कार्यक्रम को पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने भी संबोधित करते कहा कि सामाजिकजनों को एक साथ जोड़ना बड़ा कठिन काम है, लेकिन यहां पर सामाजिकजनों की उपस्थिति ने यह साबित कर दिया है कि यदि पदाधिकारी का इरादा अटल हो तो कोई भी काम नामुमकिन नहीं है। इसके लिए उन्होंने समाज के जिला अध्यक्ष ज्ञानदास मानिकपुरी एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष मनीष उर्फ पिंटू मानिकपुरी, ओम मानिकपुरी, विजेंद्र मानिकपुरी, सोमेश दास, प्रवीण दास, शहर इकाई के अध्यक्ष पूररनदास मानिकपुरी, उपाध्यक्ष धनेश्वर दास, सुशील दास, महंत अमरदास, मोंगरे, विजय मानिकपुरी, शेखर मानिकपुरी सहित समाज के समस्त पदाधिकारी एवं उपस्थित सामाजिकजनों को बधाई देते शुभकामनाएं दी तथा समाज के जिला स्तरीय सामाजिक भवन निर्माण के लिए डॉ. रमन सिंह से बात कर इसे शीघ्र पूर्ण करने का आश्वासन दिया।

## राष्ट्रीय वॉलीबॉल स्पर्धा, तीन दिवसीय कैंप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के वॉलीबॉल मैदान में तीन दिवसीय वॉलीबॉल सीनियर नेशनल वूमेन कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप में चयनित होने वाले खिलाड़ियों की टीम बनेगी, जो राष्ट्रीय वॉलीबाल प्रतियोगिता में प्रदेश का नेतृत्व करेंगी।

वाराणसी में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय महिला सीनियर वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने खिलाड़ियों का चयन कैंप का आयोजन किया जा रहा है। 30 दिसंबर से 1 जनवरी तक तीन दिवसीय इस कैंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। छत्तीसगढ़ वालीबाल संघ के माध्यम से राजनांदगांव जिला वालीबाल संघ को इस कैम्प का आयोजन करने की जिम्मेदारी दी गई है, जहां इन खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन वॉलीबॉल कोच रेखा पदम, संध्या धुर्वे और इरफान खान सहित अन्य प्रशिक्षकों द्वारा देखा जा रहा है। इस कैंप में शामिल हुई खिलाड़ियों में अपने चयन को लेकर उत्साह बना हुआ। वॉलीबॉल मैदान में सुबह और शाम मैच के माध्यम से खिलाड़ियों की खेल प्रतिभा को परखा जा रहा है।



#### बनारस में होगी नेशनल स्पर्धा

आयोजन को लेकर अंतर्राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी एवं कोच रेखा पदम ने बताया कि बीते दिनों आयोजित हुई स्टेट चैंपियनशिप से सेलेक्ट होकर 25 सीनियर महिला खिलाड़ी इस कैंप में पहुंचे हैं, जहां इनकी खेल प्रतिभा के आधार पर 14 खिलाड़ियों का सिलेक्शन वाराणसी में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता 4 जनवरी से 11 जनवरी तक आयोजित होगी, इसके लिए 2 जनवरी को कैंप से सेलेक्ट होकर खिलाड़ी रवाना होंगे।

#### प्रतियोगिता के लिए उत्साह

प्रतियोगिता में अपने चयन के लिए खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का जौहर दिखा रहे हैं। सिलेक्शन कैंप में शामिल हुई अंतर्राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी पीहू यादव और आस्था यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते वह अपनी टीम को जीत दिलाने पुरजोर कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि वॉलीबॉल में सुविधाएं अच्छी है, बस मेहनत करने की जरूरत है। वहीं उन्होंने राष्ट्रीय प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर कहा कि इस प्रतियोगिता में शामिल होने का काफी उत्साह बना हुआ है।

**सत्यानंद योग आश्रम में आज धार्मिक आयोजन**

**राजनांदगांव।** शहर के सत्यानंद योगाश्रम में नववर्ष के शुभारंभ अवसर पर 1 जनवरी को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक धार्मिक आयोजन सुंदकाण्ड पाठ, श्री हनुमान चालीसा के अखंड पाठ और हवन से किया जाएगा। उक्त आयोजन में लोगों से शामिल होने की अपील की गई है।

हरिभूमि
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र 'हरिभूमि' प्राप्त करने, समाचार व विज्ञापन हेतु निम्न स्थानों पर संपर्क करें...
'हरिभूमि' समाचार पत्र के स्थान पर यदि अन्य अखबार मिल रहा हो तो संपर्क करें-
अं.चौकी : उदयन राज त्रिपाठी 9406433993
मोहला : दुर्गेश शर्मा - 9424112397
पिनकापार : - 6268260462

## भोरमदेव कॉरिडोर: हजार वर्ष पुरानी आस्था और सांस्कृतिक विरासत का नया अध्याय

# राष्ट्रीय धार्मिक-सांस्कृतिक पर्यटन मानचित्र पर उभरेगा भोरमदेव मंदिर

**स्थानीय व्यापार, हस्तशिल्प, पर्यटन से जुड़े युवाओं व ग्रामीणों को रोजगार के नए अवसर**



यह योजना केवल संरचनात्मक विकास तक सीमित न होकर सामाजिक और आर्थिक बदलाव की आधारशिला भी बनेगी। इससे स्थानीय व्यापार, हस्तशिल्प, पर्यटन से जुड़े युवाओं और ग्रामीणों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। कांवड़ यात्रियों और श्रद्धालुओं के लिए शेड, पेयजल और स्वच्छता की आधुनिक सुविधाएं उनकी यात्रा को अधिक सुगम और सुखद बनाएंगी। हरियाली, आकर्षक लैंडस्केपिंग और सुव्यवस्थित पैदल मार्ग वातावरण को शांत, पवित्र और दिव्य स्वरूप प्रदान करेंगे। स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के अंतर्गत यह परियोजना छत्तीसगढ़ के लिए एक आदर्श मॉडल के रूप में उभर रही है, जहां सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण के साथ आधुनिक पर्यटन आवश्यकताओं का संतुलित समन्वय किया गया है। परियोजना के पूर्ण होने पर भोरमदेव केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि सांस्कृतिक गौरव, आस्था और शांति का विश्वस्तरीय केंद्र बनकर स्थापित होगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के तहत कबीरधाम जिले का ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर स्थल भोरमदेव मंदिर परिसर विकास के एक नए दौर में प्रवेश कर रहा है। यह पहल केवल पर्यटन ढांचे के विस्तार तक सीमित नहीं है, बल्कि परंपरा और आधुनिकता के संतुलित संगम का सशक्त उदाहरण भी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की दूरदर्शिता और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा 146 करोड़ रुपए की महत्वाकांक्षी परियोजना को स्वीकृति प्रदान की गई है। इस परियोजना के अंतर्गत भोरमदेव मंदिर परिसर से मड़वा महल, छेरकी महल, रामचुआ और सरोदा जलाशय तक एक सुव्यवस्थित पर्यटन कॉरिडोर का निर्माण किया जाएगा। यह कॉरिडोर न केवल प्रमुख धार्मिक और पुरातात्विक स्थलों को आपस में जोड़ेगा, बल्कि भोरमदेव को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर एक विशिष्ट पहचान भी दिलाएगा।

सहस्त्राब्दियों से श्रद्धा का केंद्र रहा भोरमदेव मंदिर पहली बार एक संगठित और समग्र विकास योजना के तहत संवारा जा रहा है। परियोजना में मंदिर परिसर का विस्तार, छह भव्य प्रवेश द्वार, परिधि दीवारों का सुदृढ़ीकरण, पार्कों का विकास, नागद्वार तक रैंप और सीढ़ियों की सुविधा, प्रसाद मंडप, अनुष्ठान भवन, यज्ञ स्थल तथा श्रद्धालुओं के लिए आधुनिक विश्राम गृह शामिल हैं। साथ ही तालाब का सौंदर्यीकरण, म्यूजिकल फाउंटेन, कैचमेंट एरिया का संरक्षण और एक विशाल संग्रहालय परिसर को विश्वस्तरीय स्वरूप प्रदान करेंगे। मड़वा महल और छेरकी महल जैसे प्राचीन स्मारकों को भी इस योजना में शामिल किया गया है। यहां प्रवेश द्वार, बाउंड्री वॉल, पेयजल व्यवस्था, विद्युत एवं प्रकाश सुविधाएं, वृक्षारोपण और सौंदर्यीकरण के कार्य किए जाएंगे। इसके साथ ही मंदिरों और स्मारकों को जोड़ने वाली सड़कों का उन्नयन, तालाबों का पुनर्निर्माण और जलाशयों का विकास पूरे क्षेत्र की सुंदरता को और निखारेगा।

# गुरु घासीदास बाबा जयंती धूमधाम से मनाई गई

## पूर्व सीएम भूपेश बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए



हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम खरहट्टा में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी 31 दिसंबर को संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा की जयंती बड़े ही धूमधाम, श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाई गई। इस भव्य आयोजन में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने की साथ ही जनपद सदस्य दिनेश कोसरिया सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थें। कार्यक्रम का शुभारंभ जोड़ा जैतखाम में विधि विधान पूजा-अर्चना एवं ध्वजारोहण के साथ किया गया। सामाजिक समितियों द्वारा आए हुए मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। पूरे ग्राम में सतनाम संदेश, सामाजिक एकता और भाईचारे का वातावरण देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने गुरु घासीदास बाबा के चरणों में नमन कर सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। गुरु घासीदास बाबा के विचारों को स्मरण करते हुए वक्ताओं ने कहा कि वे सत्य के पुजारी थे। उन्होंने मनखे-मनखे एक समान का संदेश देकर जाति, छुआछूत और भेदभाव का विरोध किया। बाबा ने शिक्षा को बढ़ावा देने, सभी को पढ़े-लिखे रहने तथा नशे से दूर रहने के लिए समाज को सदैव जन-जागरूक किया। इस कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ता, समाज के पदाधिकारी, ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थें।

### भाजपा पर जमकर बरसे: पूर्व मुख्यमंत्री बघेल

इस कार्यक्रम के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि जो सरकार किसानों की आय दोगुनी करने की बात करती थी, वह आज किसानों को पर्याप्त खाद तक उपलब्ध नहीं करा पा रही है। उन्होंने कहा कि सबके खातों में 15-15 लाख रुपए डालने का वादा आज तक पूरा नहीं हुआ। वहीं बिजली बिल से जनता परेशान है और बेरोजगार युवाओं को आज भी रोजगार नहीं मिल पा रहा है।

# सेन्हाभाठा में हर्षोल्लास के साथ मनायी गई गुरु घासीदास जयंती



हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा

विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम सेन्हाभाठा में मंगलवार को समाज द्वारा बाबा गुरु घासीदास जयंती बड़े हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष पंडरिया श्रीमती नंदनी साहू शामिल हुई। छत्तीसगढ़ के पावन धरती में जन्मे दार्शनिक और समाज सुधारक बाबा गुरुघासीदास की जयंती प्रति वर्ष 18 दिसंबर को श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है। इसी क्रम में ग्राम सेन्हाभाठा में बाबा गुरु घासीदास की 269 वी जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में समाज द्वारा जनपद अध्यक्ष पंडरिया श्रीमती नंदनी साहू को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत गुरु बाबा घासीदास की पूजा-अर्चना व दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। आयोजन स्थल पर सतनाम, सत्य, समानता और मानवता के संदेशों से ओत-पोत माहौल देखने को मिला साथ ही साथ पंथी गीतों और संदेशों के माध्यम से संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास के विचारों को जनमानस तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। पंथी गीतों और करतबों से मुख्य अतिथि श्रीमती साहू सहित उपस्थित जनसमुदाय का मगनमुग्ध किया। इस कार्यक्रम में जनपद सदस्य अंजनी साहू, सरपंच पुष्पा छेदी साहू, उपसरपंच दिजानी राजू श्रीवास, कालिंदी साहू, पूर्णिमा साहू, मेलू साहू, वीरेंद्र यादव, सुशीला साहू, राजेश साहू, सूरज यादव, टीकूराम, गणेश, धर्मजीत, गजेन्द्र दास वैष्णव, जनक साहू, कोमल, कलीराम, तीजाऊ, जागेश्वर बंजारे, सुखिया यादव, रामायण वैष्णव, बलदेव, सालिक साहू सहित आयोजक समिति सामाजिक बंधु एवं ग्रामवासी तथा क्षेत्रवासी गण बड़ी संख्या में उपस्थित थें।

### दार्शनिक और समाज सुधारक रहे गुरु घासीदास : श्रीमती नंदनी साहू

जनपद अध्यक्ष श्रीमती नंदनी साहू ने अपने उद्बोधन में कहा छत्तीसगढ़ के पावन धरती पर जन्मे महान संत दार्शनिक और समाज सुधारक गुरु घासीदास के द्वारा दिए गए अमर घोषणा मनखे-मनखे एक सामान केवल सतनामी समाज ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण मानव जाति के लिए सत्य अहिंसा और समानता के संदेश को आत्मसात करने का अवसर प्रदान करती है और आज भी सामाजिक समरसता और मानव अधिकारों की सबसे सशक्त आवाज है। उन्होने कहा कि अपने समय सामाजिक, आर्थिक, विषमता, शोषण तथा जातिवाद को समाप्त करके मानव-मानव एक समान का संदेश दिया गया।

# हिंदू संगम छः दिवसीय संत पदयात्रा, सम्मेलन व धर्मसभा का आयोजन

- 13 से 18 जनवरी तक आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम।

हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला

हिंदू संगम आयोजन समिति बोड़ला के तत्वाधान में आयोजित होने वाले हिंदू संगम बोड़ला 2026 के संबंध में आज संघ कार्यालय, पीजी कॉलेज के सामने आयोजित प्रेस वार्ता में कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रेस वार्ता को संत सर्वेश्वर दास, राधेश्याम चंद्रवंशी, राजेंद्र चंद्रवंशी ने संबोधित किया। प्रेस वार्ता में वक्ताओं ने बताया कि हिंदू संगम बोड़ला समाज में सनातन चेतना, सांस्कृतिक जागरण, सामाजिक समरसता एवं राष्ट्रभाव को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से विगत 14 वर्षों से निरंतर आयोजित किया जा रहा है। यह केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि सनातन मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने का सतत अभियान है। उन्होंने बताया कि हिंदू संगम का प्रथम आयोजन 10 फरवरी, मौनी अमावस्या (रविवार) को संघचालक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ डॉ मोहन भागवत के आतिथ्य में संपन्न हुआ था, जिसने इस आंदोलन को वैचारिक दिशा और सामाजिक स्वीकार्यता प्रदान की। उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए यह आयोजन प्रतिवर्ष व्यापक स्वरूप ले रहा है। प्रेसवार्ता में जानकारी दी गई कि इस वर्ष 13 से 18 जनवरी 2026 तक हिंदू संगम बोड़ला के अंतर्गत प्रतिदिन विभिन्न वर्गों को जोड़ने वाले कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उक्त कार्यक्रम में ग्रामीण अंचल में चिकित्सा प्रदान करने वाले बैगा-गुनिया, चिकित्सकों का विशेष सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हिंदू धर्म जागरण करना, सामाजिक समरसता और धर्मांतरण, लव-जिहाद जैसे जटिल विषयों पर जागरण के साथ-साथ संगठित हिंदू समाज का निर्माण करना है। प्रेस वार्ता के माध्यम से आयोजन समिति ने जिले सहित आसपास के समस्त धर्म-प्रेमी नागरिकों, युवाओं, मातृशक्ति एवं सामाजिक संगठनों से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता कर हिंदू संगम बोड़ला-2026 को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने की अपील की। वहीं 01 से 07 जनवरी तक चारो ब्लॉक में संत यात्रा निकाली जाएगी। इस संत पदयात्रा के माध्यम से संत-महात्मा, गांव-गांव जाकर सनातन धर्म, सामाजिक समरसता, सद्भाव और राष्ट्रभाव का संदेश देंगे। यह पद यात्रा हिंदू संगम बोड़ला की वैचारिक आत्मा है, जो जनसंपर्क और जनजागरण का सशक्त माध्यम बनेगी। इस अवसर पर रामदत्त चक्रधर सह सरकार्यवाह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे, इस अवसर पर समसामयिक राष्ट्रीय परिदृश्य पर उनका उद्बोधन सुनने का अवसर भी सभी का प्राप्त होगा। साथ ही देश-प्रदेश के राष्ट्रीय पदाधिकारी संत, महंत, विद्वान एवं समाज प्रमुखों का सान्निध्य प्राप्त होगा।



### हिंदू संगम में राष्ट्र-निर्माण और संस्कार आधारित जीवन पथ से जोड़ने का कार्य किया जाएगा

हिंदू संगम का शुभारंभ 13 जनवरी को मातृ शक्ति सम्मेलन एवं भव्य कलश यात्रा के माध्यम से नारी शक्ति के सम्मान और सहभागिता का संदेश दिया जाएगा। 14 जनवरी को परिवार सम्मेलन आयोजित होगा, जिसमें भारतीय पारिवारिक मूल्यों, संस्कार और सामाजिक एकता पर विचार किया जाएगा। 15 जनवरी को वैद्य, वैद्या एवं चिकित्सक सम्मेलन के माध्यम से भारतीय चिकित्सा परंपरा और सेवा भाव को केंद्र में रखा जाएगा। 16 जनवरी को मंदिर अर्चक, पुरोहित, पंथ प्रमुख, गुरु एवं कथा वाचक सम्मेलन आयोजित कर धार्मिक नेतृत्व को एक मंच पर लाया जाएगा। 17 जनवरी को युवा सम्मेलन आयोजित होगा, जिसमें 15 से 35 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को राष्ट्र-निर्माण और संस्कार आधारित जीवन पथ से जोड़ने का आह्वान किया जाएगा। आयोजन का मुख्य कार्यक्रम 18 जनवरी को माघ मौनी अमावस्या (रविवार) को सनातन हिंदू धर्मसभा के रूप में आयोजित होगा। यह कार्यक्रम हिंदू संगम स्थल, बांधाटोला-बोड़ला, में दोपहर 02 बजे से प्रारंभ होगा।

### निर्माण एजेंसीज फील्ड कार्यों को तेजी से करें पूराः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने समय-सीमा की बैठक लेकर विभागीय काम-काज की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में पीएम आवास निर्माण, जनमन योजना के तहत निर्माण कार्यो की स्थिति, अपार आईडी निर्माण, जल जीवन मिशन सहित जिले में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति के बारे में विस्तार से समीक्षा की। इसके साथ ही उन्होंने आगामी 01 जनवरी को होने जा रहे भोरमदेव कॉरिडोर के भूमिपूजन कार्यक्रम की तैयारियों के बारे में भी अधिकारियों से जानकारी लेते हुए जरूरी दिशा निर्देश दिए।

## ग्राम सेन्हाभाठा में हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम संपन्न



**हरिभूमि कुण्डा/कोलेगांव।** हिंदू सम्मेलन कवर्धा जिला के पंडरिया तहसील के महका मंडल अंतर्गत सेन्हाभाठा में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में महका मंडल में निवासरत महका, बीजाभाठा, डबरी, बघर्रा, भुवालपुर, भैंसबोंड, सेन्हाभाठा के हिंदू इस सम्मेलन में भाग लिया। इस कार्यक्रम में मंडल में निवासरत सभी हिंदू जातियों के लोग एक मंच पर आए। मंच पर उपस्थिति अतिथियों, सभी जातियों के प्रमुखों को गमछा भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे ग्राम सेन्हाभाठा निवासी वरिष्ठ नागरिक गजेंद्र वैष्णव ने कहा संघ १०० पूर्ण होने पर बधाई देता हूं। संघ की स्थापना का उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना है। मुख्य अतिथि भगवताचार्य नन्दकिशोर शर्मा ने कहा संघ के स्वयंसेवक समाज में समरसता लाने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। स्वयंसेवक देश में प्राकृतिक विपदा में मानवीय सहायता के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। संघ की शाखा व्यक्ति निर्माण की पाठशाला है। मुख्य वक्ता जिला सह कार्यवाह हलधर योगी ने कहा संघ सभी समाज में परस्पर प्रेम, विश्वास हो, इसलिए शाताब्दी वर्ष में देश के प्रत्येक मंडल में हिंदू सम्मेलन कर रहा है। उन्होने कहा गुरु घासीदास के अमर संदेश मनखे-मनखे एक समान को समाज के लिए प्रेरक बताया। जब ईश्वर ने सभी मनुष्य को एक समान बनाया है तो भेद कैसा। श्री योगी ने कहा मंच पर लगे शंकराचार्य, संत रविदास, संत गुरुघासीदास, गुरु गोविन्द सिंह, गौतम बुद्ध, महावीर स्वामी, वाल्मीकि, तुलसीदास, वीर शिवाजी, महाराणा प्रताप, रानी लक्ष्मी बाई, अहिल्या बाई होल्कर, कबीर साहेब, डॉ भीमराव अंबेडर, डॉ केशव बलिराम हेडगेवार की लगे छायाचित्र संदेश दे रहा कि हम सब हिंदू भाई-भाई हैं। सबने एकता, सौहार्द, प्रेम का संदेश दिया है। इस अवसर पर महका मंडल में निवासरत सभी हिंदू समाज के लोग एक मंच पर आए। बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। सभी ने एक साथ भारत माता की पूजा आरती किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक के खंड कार्यवाह होरीलाल गबेल, कमलेश जायसवाल, नरेंद्र चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक व विभिन्न ग्राम से आए नागरीक गण, मातृशक्ति व बच्चे उपस्थित थें। कार्यक्रम संयोजन के लिए रामचरण चंद्राकर, गणेश यादव, भागीरथी यादव, गोकुल गबेल, हितेश कश्यप, थानू निर्मलकर, लालू ठाकुर, कुबेर ठाकुर, आशीष ठाकुर, छेदी साहू, नकुल सागर, रामायण वैष्णव, नारायण वैष्णव, कोमल साहू, प्रभु साहू, लोमस साहू, होरीलाल साहू, रोहित निर्मलकर, राघव चंद्राकर, भागीरथी वैष्णव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

## खबर संक्षेप

### दिव्यांग नेमी सिंह को उपमुख्यमंत्री ने प्रदान की पेट्रोल चलित स्कूटी

**हरिभूमि कवर्धा।** उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा की संवेदनशील पहल से एक बार फिर दिव्यांगजन को आत्मनिर्भरता की राह मिली है। विकासखंड बोड़ला के ग्राम सरेखा निवासी एक पैर से दिव्यांग नेमीसिंह साहू को विधायक कार्यालय कवर्धा में पेट्रोल चलित स्कूटी प्रदान की गई। एक कृषक परिवार से आने वाले नेमीसिंह साहू ने लगभग बारह वर्ष पूर्व एक सड़क दुर्घटना में अपना एक पैर खो दिया था। दिव्यांगता के कारण उन्हें दैनिक आवागमन और जीवनयापन में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। अपने प्रतिदिन के कार्यो के लिए आना-जाना उनके लिए अत्यंत मुश्किल हो गया था। अपनी समस्या को लेकर श्री साहू ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को आवेदन दिया था। उनकी आवश्यकता और सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने तुरंत सहायता दिलाने के निर्देश दिए थे। जिसके तहत आज उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने खुद उन्हें उनके वाहन की चाबी भेंट की। स्कूटी पाकर उनकी खुशी का ठिकाना नहीं था।

# विश्व के प्रथम रोवर-रेंजर्स जम्बूरी-दूधली में सहभागिता करेंगे दशरंगपुर के रेंजर्स

- 11 रेंजर्स प्रथम राष्ट्रीय रोवर-रेंजर्स जम्बूरी, ग्राम दूधली जिला बालोद के चयनित।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा एवं प्राचार्य चंद्रप्रकाश जांगड़े के मार्गदर्शन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दशरंगपुर के महारानी लक्ष्मीबाई ओपन रेंजर टीम दशरंगपुर की प्रीति धुर्वे, नम्रता धुर्वे, उमेश्वरी चंद्राकर, थलेश्वरी धुर्वे, सुधा नेताम, तुलसी साहू, रिंकी यादव, सुष्मिता निर्मलकर, किरण साहू, टीकम साहू, दिलेश्वरी निर्मलकर, कुल 11 रेंजर्स प्रथम राष्ट्रीय रोवर-रेंजर्स जम्बूरी, ग्राम दूधली जिला बालोद के चयनित हुए।

एएलटी (स्काउट) हेमधर साहू ने बताया कि विश्व के प्रथम रोवर-रेंजर्स जम्बूरी का छत्तीसगढ़ में आयोजन होने से छत्तीसगढ़ व बालोद जिला एवं ग्राम दूधली की शान बढी है व वैश्विक पहचान मिली है। वहां जाकर दशरंगपुर के रेंजर्स विकसित युवा विकसित भारत थीम पर जम्बूरी में फोक डांस, कैम्प फायर, फिजिकल डिस्प्ले, मार्चपास्ट, कलर पार्टी, एडवेंचर बैस, फुड प्लाजा, छत्तीसगढ़ डे, पायनिंयरिग प्रोजेक्ट, पेजेण्ट शो, प्रर्दशनी, युवा दिवस पर प्रदर्शन करके अपने व्यक्तित्व तथा कौशलों का विकास कर देश के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे। व्याख्याता रवेन्द्र सिंह चंद्रवंशी ने शिविर में अनुशासन में रहने व देश के विकास में अपना योगदान देने प्रेरित किया।

उक्त अवसर पर एसएमडीसी अध्यक्ष विजय चंद्राकर, प्राचार्य चंद्रप्रकाश जांगड़े, व्याख्याता पूनम सोनी, रवेन्द्र सिंह चंद्रवंशी, ममता मिश्रा, हेमधर साहू, कल्पना बावनकर, बद्री प्रसाद सोनी, राधिका महोबिया, शिक्षक वेदप्रकाश साहू, गुमान यादव, शिक्षिका दुर्गेश नंदिनी, कार्यालय सहायक, अंजीता ने रेंजर्स को शुभकामनाएं देते हुए उत्कृष्ट कार्य से कबीरधाम जिला व विद्यालय का नाम रौशन करने प्रेरित किया।

## मुख्यमंत्री और केंद्रीय पर्यटन मंत्री के दौरे को लेकर प्रशासन व पुलिस सतर्क, सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा

# भोरमदेव में प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का आईजी ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

भोरमदेव में 1 जनवरी 2025 को प्रस्तावित मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह के कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक व सुरक्षा तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में पुलिस महानिरीक्षक अभिषेक शांडिल्य ने कलेक्टर गोपाल वर्मा और पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस महानिरीक्षक ने कार्यक्रम स्थल पर की जा रही प्रशासनिक, सुरक्षा और व्यवस्थागत तैयारियों का विस्तृत अवलोकन किया।

उन्होंने हेलीपैड, सभा स्थल, आगंतुकों के बैठने की व्यवस्था, यातायात और पार्किंग प्रबंधन, बैरिकेडिंग, मंच व्यवस्था, विद्युत, पेयजल, स्वच्छता तथा आपातकालीन सेवाओं से जुड़ी व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दौरान वीआईपी सुरक्षा के साथ-साथ आम नागरिकों की सुविधा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। पुलिस बल की तैनाती, निगरानी व्यवस्था और आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने के लिए वैकल्पिक योजनाओं की भी समीक्षा की गई।

कलेक्टर ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा सभी संबंधित विभागों के आपसी समन्वय से आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं, ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित और सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। वहीं पुलिस अधीक्षक ने जानकारी दी कि कार्यक्रम के दौरान पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी तथा यातायात और भीड़ नियंत्रण के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। निरीक्षण के समय विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थें। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि अतिथियों के आगमन से पहले सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाएंगी।

## खबर संक्षेप



### केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट एसोसिएशन की बैठक

**कवर्धा।** कबीरधाम जिला के केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट एसोसिएशन द्वारा गत मंगलवार को एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के दोनों डीआई देवेंद्र ध्रुव एवं सुखनंदन धुर्वे के साथ दवाई विक्रेता संघ के सदस्यों ने भाग लिया। इस दौरान संगठन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में बीते वर्ष 2025 के कार्यों और गतिविधियों की समीक्षा की गई तथा वर्ष 2026 के स्वागत में एक-दूसरे को शुभकामनाएं भी दी गईं। कार्यक्रम में अध्यक्ष एवं सचिव द्वारा उद्बोधन दिया गया, जिसमें संगठन को और सुदृढ़ करने के लिए सुझाव एवं दिशा-निर्देश प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर दवाई विक्रेता संघ के अध्यक्ष अनिल दानी, सचिन, अमित बरडिया, उपाध्यक्ष एवं संयोजक चरणजीत सिंह, कोषाध्यक्ष डेविड खत्री सहित जिले के सभी केमिस्ट एवं दवा विक्रेता बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### बच्चों को बांटे गए लंच बॉक्स और पेन

**कवर्धा।** आनंदप्रकाश सेवा समिति रायपुर व श्रीश्रीमाल चैरिटेबल ट्रस्ट कवर्धा के संयुक्त तत्वावधान में गत दिनो वनग्राम बैजलपुर के 90 स्कूली बच्चों को लंच बॉक्स व 180 बच्चों को पेन वितरित किए गए। प्राथमिक पाठशाला के बच्चों को टॉफियां वितरित की गईं। ज्ञात हो कि आनंदप्रकाश सेवा समिति को रायपुर वासी रिटायर्ड इंजीनियर प्रकाश श्रीश्रीमाल चलाते हैं और श्रीश्रीमाल चैरिटेबल ट्रस्ट को लायंस क्लब के अध्यक्ष प्रेमचंद श्रीश्रीमाल, उनके अग्रज द्वय प्रकाश श्रीश्रीमाल व पन्नालाल श्रीश्रीमाल मिलकर चलाते हैं। आनंदप्रकाश सेवा समिति व श्रीश्रीमाल ट्रस्ट ने बैजलपुर के स्कूल को एक तरह से गोद में लिया हुआ है

# प्रशासनिक उपेक्षा के बीच बैगा बाहुल्य ग्राम बेंदा में विरासत व संस्कृति संरक्षण की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ चिल्फीघाटी

बैगा बहुल्य ग्राम बेंदा में स्थित 11 वीं से 13 वीं शताब्दी के 6 प्राचीन मंदिरों के अवशेष, 3 फीट ऊंची भगवान गणेश की दुर्लभ प्रतिमा और दो ऐतिहासिक तालाब आज भी प्रशासन और राज्य सरकार की उपेक्षा का शिकार बने हुए हैं। वर्षों से संरक्षण और विकास की मांग के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्ययोजना धरातल पर नहीं उतर पाई है। स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों का कहना है कि इस ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर की जानकारी पहले ही संबंधित विभागों और जनप्रतिनिधियों को दी जा चुकी है, फिर भी पुरातत्व, पर्यटन और संस्कृति विभाग की ओर से न तो सर्वे कराया गया और न ही संरक्षण की दिशा में पहल हुई। विशेषज्ञों और स्थानीय नागरिकों का मानना है कि यदि राज्य सरकार और प्रशासन गंभीरता दिखाए तो बेंदा गांव को हेरिटेज और सांस्कृतिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जा सकता है। इसके लिए प्राचीन मंदिर अवशेषों का वैज्ञानिक संरक्षण, गणेश प्रतिमा की सुरक्षा व्यवस्था, दोनों तालाबों का पुनर्जीवन, हेरिटेज वॉक पाथ और सूचना केन्द्र, बैगा संस्कृति आधारित सांस्कृतिक केन्द्र जैसी योजनाएं तैयार की जा सकती हैं।

### बैगा संस्कृति और पर्यटन का संगम

बैगा बहुल्य ग्राम होने के कारण बेंदा की पहचान उसकी पारंपरिक संस्कृति, लोकनृत्य, लोकसंगीत और जीवनशैली से जुड़ी है। इन तत्वों को पर्यटन से जोडने पर न केवल संस्कृति का संरक्षण होगा, बल्कि स्थानीय समुदाय को आर्थिक सशक्तिकरण भी मिलेगा।

### उपेक्षा से प्राचीन धरोहर पर खतरा



ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासनिक उदासीनता के कारण मंदिर अवशेष और प्रतिमाएं प्राकृतिक क्षरण और असामाजिक तत्वों के खतरे में हैं। यदि शीघ्र कदम नहीं उठाए गए तो यह अमूल्य विरासत नष्ट हो सकती है। स्थानीय लोगों ने राज्य सरकार से मांग की है कि बेंदा गांव को मॉडल हेरिटेज एवं सांस्कृतिक ग्राम के रूप में विकसित करने हेतु विशेष योजना स्वीकृत की जाए और संबंधित विभागों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए जाएं। ग्रामीणों का मानना है कि विकास, विरासत और संस्कृति एक साथ चल सकते हैं, जरूरत है तो केवल प्रशासनिक



**अनदेखी:** तस्कर, अतिक्रमण वन्यप्राणियों के शिकार की बढ़ी आशंका...

# वन सुरक्षा भगवान भरोसे, कोदवा सर्किल में डिप्टी रेंजर का पद रिक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोदवागोडान

वन विभाग की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। पूर्व पंडरिया वन परिक्षेत्र के सबसे संवेदनशील माने जाने वाले कोदवा सर्किल में पिछले काफी समय से डिप्टी रेंजर (परिक्षेत्र सहा.) का पद रिक्त पड़ा है। यह स्थिति तब है जब यह अंचल न केवल भौगोलिक रूप से महत्वपूर्ण है, बल्कि अंतरराज्यीय सीमाओं से सटे होने के कारण अपराध की दृष्टि से भी बेहद संवेदनशील है। कोदवा सर्किल वनांचल का वह केंद्रीय ग्राम है जिसकी सीमाएं पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश को जोड़ती हैं। इस सर्किल के अंतर्गत कुल 4 बीट आती हैं। रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होने के बावजूद यहां अधिकारी का न होना विभाग की लापरवाही को दर्शाता है। जानकारों का कहना है कि सीमावर्ती इलाका होने के कारण यहां से अवैध गतिविधियों को अंजाम देकर सुरक्षित निकल जाना आसान होता है।




### अवैध कारोबार का गढ़ बना अंचल

यह क्षेत्र लंबे समय से वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण और पेड़ों की अंधाधुंध कटाई के लिए कुख्यात रहा है। इतना ही नहीं, वनोपज की चोरी के अलावा इस क्षेत्र में रेत, गिट्टी और मुरूम जैसे क्षुद्र खनिजों की तस्करी भी बड़े पैमाने पर होती है। स्थानीय ग्रामीणों की मानें तो प्रभारी के अभाव में माफियाओं के हौसले बुलंद हैं।

### जिम्मेदार मौन, खतरे में वन संपदा

वन विभाग के आला अधिकारियों को इस संवेदनशीलता की जानकारी होने के बावजूद पद स्थापना न करना उनकी गंभीरता पर सवाल उठाता है। यदि जल्द ही यहां सक्षम अधिकारी की नियुक्ति नहीं की गई, तो कोदवा सर्किल की बेशकीमती वन संपदा और खनिज संसाधनों को तस्करों के हाथों लुटने से बचा पाना नामुमकिन होगा।

### मुख्यालय से नदारद रहने की प्रवृत्ति

वनकर्मियों में वैसे ही अपने मुख्यालय में निवास न करने और ड्यूटी के प्रति गैर-जिम्मेदार रहने की शिकायतें आम हैं। वर्तमान में काफी समय से कोई बीटगार्ड अपने मुख्यालय में नहीं रहता। अब जब कोई स्थानीय कमांडिंग ऑफिसर (डिप्टी रेंजर) ही मौजूद नहीं है, तो मैदानी अमले की मॉनिटरिंग कौन करेगा? उन पर प्रभावी नियंत्रण रखने के लिए एक अनुभवी डिप्टी रेंजर का होना अनिवार्य था, लेकिन पद रिक्त होने से पूरी व्यवस्था चरमरा गई है। बिना नेतृत्व के बीट गार्ड अपने दायित्वों का कितना निर्वहन करेंगे?

# भोरमदेव कॉरिडोर विकास परियोजना का भूमिपूजन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम जिले में पर्यटन विकास को बढ़ावा देते हुए स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के तहत नए वर्ष के दिन 146 करोड़ रूपए की लागत से भोरमदेव कॉरिडोर का भूमिपूजन किया जाएगा। स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के अंतर्गत स्वीकृत भोरमदेव कॉरिडोर का विकास परियोजना के भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत शामिल होंगे। अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री अरूण साव, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री राजेश अग्रवाल, वाणिज्य और उद्योग, सार्वजनिक उपक्रम, वाणिज्यकर (आबकारी), श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन, सांसद संतोष पाण्डेय शामिल होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर पटेल, राज्य कृषक कल्याण परिषद् के अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी, पूर्व विधायक डॉ. सियाराम साहू, मोतीराम चंद्रवंशी, अशोक साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, राजेन्द्र चंद्रवंशी, जिला पंचायात उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, बोड़ला जनपद अध्यक्ष श्रीमती बालका रामकिंकर वर्मा, उपाध्यक्ष नंद श्रीवास, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामकुमार भट्ट, संतोष पटेल, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती गंगाबाई लोकचंद साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रघुराज सिंह, विदेशी राम धुर्वे, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनिल ठाकुर, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, मीलूराम साहू, बोड़ला नगर पंचायत अध्यक्ष विजय पाटिल शामिल होंगे।







# युवा कांग्रेस ने शिक्षक भर्ती 2023 की नियुक्ति प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ करने सौंपा ज्ञापन



- दो साल से अटकी पड़ी है शिक्षक भर्ती प्रकिया


हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भारतीय युवा कांग्रेस विधानसभा कवर्धा ने माननीय उच्च न्यायालय, बिलासपुर छत्तीसगढ़ के आदेश का पालन सुनिश्चित करने की मांग को लेकर जिला प्रशासन से शिक्षक भर्ती 2023 के सहायक शिक्षक के 2300 रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ करने कबीरधाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। युवा कांग्रेस विधानसभा समन्वयक अश्वनी वर्मा एवं युवा कांग्रेस विधानसभा कवर्धा अध्यक्ष वाल्मिकी वर्मा ने बताया कि माननीय उच्च न्यायालय, बिलासपुर द्वारा याचिका क्रमांक डब्ल्यूपीएस 3052/2025, 3999/2025 एवं 3946/2025 में दिनांक 26 सितंबर 2025 को स्पष्ट आदेश पारित किया गया है, जिसमें शिक्षक भर्ती 2023 के अंतर्गत सहायक शिक्षक पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया तत्काल प्रारंभ कर दो माह के भीतर पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। युवा कांग्रेस विधानसभा कवर्धा अध्यक्ष ने कहा कि हजारों योग्य अभ्यर्थी पिछले लगभग दो वर्षों से नियुक्ति से वंचित हैं। अभ्यर्थियों ने अपने अधिकारों की रक्षा के लिए आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद न्यायालय का दरवाजा खटखटाया, जिसके बाद माननीय न्यायालय ने उनके भविष्य को ध्यान में रखते हुए स्पष्ट और न्यायोचित आदेश पारित किया है। श्री वर्मा ने आरोप लगाते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार हमेशा से युवाओं को ठगने और छलने का काम करती आ रही है, इनकी कथनी और करनी में जमीन आसमान का अंतर होता है। वादा खिलाफी करने में अनेकों रिकॉर्ड दर्ज है। सरकारी नौकरी प्रत्येक बेरोजगार युवा का सपना होती है। यह केवल रोजगार का विषय नहीं, बल्कि भविष्य, सम्मान और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ा प्रश्न है। कई अभ्यर्थियों की आयु सीमा समाप्ति की ओर है, ऐसे में यह भर्ती उनके लिए अंतिम अवसर साबित हो सकती है। यदि समय पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू नहीं की गई, तो यह युवाओं के भविष्य के साथ गंभीर अन्याय होगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य रूप से सेवादल अध्यक्ष पदुम सेन, ब्लॉक उपाध्यक्ष संजय धुर्वे, ब्लॉक महामंत्री धनराज वर्मा, पूर्व पार्षद नरेंद्र ध्रुवे, विधानसभा उपाध्यक्ष मनीष चंद्रवंशी, बोड़ला ब्लॉक अध्यक्ष रामगोपाल वर्मा, संगठन मंत्री यूनेश कौशिक, महासचिव देव चंद्रवंशी, डोगेंद्र सेन, गिरधर लहरे सहित सैकड़ों की संख्या में युवा मौजूद थे।

# कवर्धा सहित अंचल में धूमधाम से मनाया गया नववर्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नगर सहित समूचे जिले में वर्ष की विदाई और नववर्ष का स्वागत लोगों ने अपने-अपने ढंग से किया। युवा वर्ग जहां 31 दिसम्बर की रात धमाल मचाते रहा वहीं बड़े बुजुर्ग विभिन्न धार्मिक स्थलों और घरों में पूजा-पाठ की तैयारियों में जुटे नजर आए। उल्लेखनीय है कि नववर्ष को लेकर युवा वर्ग में खासा उत्साह देखने को मिलता है और वे हफ्तों पहले नव वर्ष की तैयारियां प्रारंभ कर देते हैं। इस वर्ष भी कवर्धा नगर सहित समूचे जिले में कुछ ऐसा ही देखने को मिला। युवाओं की टीम ने अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों के तहत भोरमदेव, सरोधा जलाशय, रामचुवा, पचराही, चिल्फीघाटी, कान्हा सहित दूसरे पर्यटन स्थलों में पहुंचकर नए साल का जश्न मनाया। वहीं कुछ युवाओं द्वारा अपने दोस्त यारों के साथ मोहल्ले में ही डीजे साऊण्ड लगाकर आतिशी धमाकों के बीच नए साल की खुशियां मनाई गई। नव वर्ष के उल्लास में युवतियां भी पीछे नहीं रही। उन्होंने अपने ढंग से वर्ष की विदाई और नव वर्ष के स्वागत पर कार्यक्रम आयोजित कर एक-दूसरे को बधाई दी। नववर्ष के मौके पर नगर के खेड़ापति हनुमान मंदिर, राधाकृष्ण मंदिर, बुढ़ा महादेव मंदिर, सांई मंदिर सहित दूसरे मंदिरों में भी धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। नव वर्ष को लेकर नगर के हॉटल, रेस्टोरेंट संचालकों द्वारा भी काफी तैयारियां की गई हैं।



# उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने 02 स्क्वायर बेलर मशीन किया लोकार्पित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने कबीरधाम प्रवास के दौरान श्री पंचमुखी बूढ़ा महादेव मंदिर परिसर के समीप 02 स्क्वायर बेलर मशीन का विधिवत पूजा-अर्चना कर लोकार्पित किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से मशीन एवं वाहन की कार्यप्रणाली, उपयोगिता एवं उद्देश्य की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों द्वारा बताया गया कि स्क्वायर बेलर मशीन आधुनिक तकनीक से युक्त है, जो एक घंटे में लगभग डेढ़ एकड़ क्षेत्र में हार्वेस्टर से कटे हुए पैरा को चैकोना बंडल (बेल) के रूप में तैयार करती है। इन बंडलों का उपयोग बाद में गौ वंश के लिए चारे के रूप में किया जाएगा। अधिकारियों ने जानकारी दी कि स्क्वायर बेलर मशीन के उपयोग से खेतों में पैरा जलाने की समस्या पर प्रभावी नियंत्रण संभव होगा, वाहनों के लिए चारे की व्यवस्था के साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। इस अवर पर सांसद संतोष पाण्डेय, पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू, पूर्व विधायक योगेश्वर राज सिंह, अशोक साहू, जिला पंचायत सभापति डॉ. बीरेन्द्र साहू, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, निशांत झा एवं कृषि विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

# डिप्टी सीएम शर्मा ने बूढ़ा महादेव मंदिर परिसर से पशु रेस्क्यु वाहन किया लोकर्पित



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने बूढ़ा महादेव मंदिर परिसर के समीप पशु संरक्षण एवं संवेदनशील सेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए पशु रेस्क्यु वाहन का विधिवत पूजा-अर्चना कर लोकार्पण किया। यह पशु रेस्क्यु वाहन विधायक मद से 13 लाख 60 हजार रुपये की लागत से क्रय किया गया है।

लोकार्पण अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों से वाहन की तकनीकी विशेषताओं, उपयोगिता एवं संचालन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने मौके पर ही विभागीय कर्मचारियों से वाहन का परीक्षण भी कराया तथा घायल पशुओं को सुरक्षित तरीके से वाहन में लाने एवं ले जाने की पूरी प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से देखा और समझा। पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई कि इस पशु रेस्क्यु वाहन के माध्यम से सड़क दुर्घटना अथवा अन्य कारणों से घायल पशुओं को त्वरित रूप से घटना स्थल से पशु चिकित्सालय तक पहुंचाया जा सकेगा। उपचार उपरांत इन पशुओं को सुरक्षित रूप से गौ शाला अथवा पशु शेल्टर तक ले जाने की भी समुचित व्यवस्था इस वाहन में की गई है। इससे घायल एवं असहाय पशुओं को समय पर उपचार उपलब्ध हो सकेगा तथा उनकी जान बचाने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार गौ संरक्षण एवं पशु कल्याण को लेकर गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। पशु रेस्क्यु वाहन जैसी सुविधाएं न केवल पशुओं के जीवन की रक्षा करेंगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पशु रेस्क्यु वाहन का नियमित, समुचित एवं प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जाए, ताकि इसका लाभ अधिक से अधिक पशुपालकों, आम नागरिकों एवं गौ वंश तक पहुंच सके। साथ ही वाहन की सतत निगरानी एवं रख-रखाव पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। इस अवर पर सांसद संतोष पाण्डेय, पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू, पूर्व विधायक योगेश्वर राज सिंह, अशोक साहू, जिला पंचायत सभापति डॉ. बीरेन्द्र साहू, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, घटना होने के बाद रेस्क्यू करने वाले बच्चे तथा पशु विभाग के अधिकारी कर्मचारी, पंचमुखी बूढ़ा महादेव सेवा समिति के सदस्य उपस्थित थे।

**खस्ताहाल और जर्जर कोलेगांव-हथमुड़ी मार्ग में पलटा धान से भरा ट्रैक्टर, बाल-बाल बचे सवार**

# जीवलेवा साबित हो रही ग्रामीण अंचलों की खस्ताहाल और जर्जर सड़कें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

जिले में विकास का राग अलाप रही भाजपा सरकार के राज में ग्रामीण किसान किस ढंग से खस्ताहाल और जर्जर सड़कों में अपनी जान हथेली में रखकर आवागमन और फसल परिवहन कर रहे हैं इसकी एक बानगी विकासखण्ड पंडरिया में साफ देखी सकती है। बताया जाता है कि इस क्षेत्र में कई ग्रामीण सड़कों की हालत बेहद जर्जर और खस्ताहाल है जिसमें वाहन चलाना तो दूर पैदल चलना भी मुस्किल है। ऐसी ही सड़कों में से एक ग्राम कोलेगांव से ग्राम हथमुड़ी तक करीब 10 किलो मीटर की प्रधान मंत्री ग्राम सड़क है। क्षेत्रवासियों की माने तो यह सड़क इतनी जर्जर और खस्ताहाल हो चुकी है कि इससे होकर गुजरा मतलब अपनी जान जोखिम में डालने से कम नहीं है। बुधवार को ही क्षेत्र का एक किसान अपनी धान की फसल ट्रैक्टर ट्राली में भरकर धान खरीदी केन्द्र ले जा रहा था। लेकिन खस्ताहाल और जर्जर सड़क में निर्मित बड़े-बड़े गड्ढों के कारण ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर ग्राम कोलेगांव-बसनी के बीच पलट गई। बताया जाता है कि इस हादसे में ट्रैक्टर ट्राली सवार ग्रामीण किसान बाल-बाल बच गए। वहीं दूसरी तरफ इन किसानो को इस दुर्घटना के चलते भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ गया। ग्रामीणों ने बताया कि वे लम्बे समय से इस 10 किलो मीटर की प्रधान मंत्री ग्राम सड़क का नवीनीकरण कराए जाने की मांग कर रहे हैं लेकिन शासन प्रशासन द्वारा ग्रामीण किसानो की मांग पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिससे लोगों को भारी परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इस सड़क का उपयोग ग्रामीण किसानो के अलावा क्षेत्र के स्कूली विद्यार्थी भी करते हैं जो स्कूल आने जाने के दौरान हर रोज धूल स्नान कर रहें क्योंकि इस जर्जर प्रधान मंत्री ग्राम सड़क में हर रोज बड़ी संख्या में निर्माण कार्य में लगे भारी हाईवा वाहन बिना रोकटोक के फर्राटे भर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र की प्रसुता माताओं को इसी मार्ग से आना जाना करना पड़ता है जो काफी जोखिम भरा होता है। इन तमाम समस्याओं को देखते हुए ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन तथा क्षेत्र के औहदेदार जनप्रतिनिधियों से तत्काल सड़क नवीनीकरण कराए जाने की मांग की है।



### घटिया दर्जे की सड़क निर्माण का आरोप

क्षेत्रवासियों ने शासन-प्रशासन तथा संबंधित कार्य ऐजेसियों पर यह भी आरोप लगाया कि एक तो लाख शिकवा शिकायतों और अर्जी विनती के बाद भी सड़क निर्माण की स्वीकृति नहीं मिलती और अगर मिलती भी है तो संबंधित कार्य एजेंसी और उनके ठेकेदारों द्वारा इतनी गुणवत्ताविहीन सड़कों का निर्माण किया जाता है कि चंद महिनो अथवा कुछ मामलों में तो निर्माण के कुछ दिनो बाद ही सड़क का दम निकल जाता है और सड़क की स्थिति पुनः जस की तस हो जाती है। ग्रामीणों ने बताया कि सरकारी निर्माण कार्यों में जिस तरह से खुला भ्रष्टाचार और अनियमितता की जा रही है उस पर जब तक लगाम नहीं लगाई जाती क्षेत्र का समुचित विकास संभव नहीं है।


भारत सरकार, पर्यटन मंत्रालय की
स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के अंतर्गत स्वीकृत
"भोरमदेव कॉरिडोर
विकास परियोजना"
भूमि पूजन
मुख्य अतिथि
मान. विष्णुदेव साय जी
मुख्यमंत्री, छ.ग. शासन
मुख्य अतिथि
मान. गजेन्द्र सिंह शेखावत जी
मा. केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री,
भारत सरकार
पर्यटन, संस्कृति एवं क्षेत्रीय विकास को नई ऊँचाइयों तक ले जाने वाली महत्वाकांक्षी
भोरमदेव कॉरिडोर विकास परियोजना के भूमि पूजन कार्यक्रम के शुभ अवसर पर पधारे मुख्य अतिथि सम्मानीय
श्री विष्णुदेव साय जी मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन एवं सम्मनानीय
श्री गजेंद्र सिंह शेखावत जी मा. केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री भारत सरकार व समस्त माननीय अतिथियों,
जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों का शत्-शत् नमन एवं हार्दिक अभिनंदन।
146 करोड़ रुपए स्वदेशी योजना 2.0 की यह परियोजना भोरमदेव की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक विरासत को
राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम सिद्ध होगी।
डॉ. रमन सिंह जी
मा. अध्यक्ष,
छत्तीसगढ़ विधानसभा
श्री विजय शर्मा जी
मा. उप मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़ शासन
अतिविशिष्ट अतिथि
श्री तोखन साहू जी
मा. आवासन और शहरी
कार्य राज्य मंत्री भारत सरकार
श्री अरुण साव जी
मा. उपमुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़ शासन
श्री राजेश अग्रवाल जी
मा. मंत्री, पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक
न्यास एवं धर्मस्व, छ.ग. शासन
श्री लखनलाल देवांगन जी
मा. मंत्री, वाणिज्य और उद्योग,
सार्वजनिक उपक्रम, वाणिज्य कर
(आबकारी), श्रम, छ.ग. शासन
श्री संतोष पाण्डेय जी
मा. सांसद
राजनांदगांव, लोकसभा
श्रीमती भावना बोहरा जी
मा. विधायक पंडरिया
श्री नीलू शर्मा जी
मा. अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड
श्री विशेषर पटेल जी
मा. अध्यक्ष, गौ-सेवा आयोग
श्री सुरेश चंद्रवंशी जी
मा. अध्यक्ष, छ.ग. राज्य कृषक कल्याण परिषद
डॉ. सियाराम साहू जी
मा. पूर्व विधायक कवर्धा
श्री मोतीराम चंद्रवंशी जी
मा. पूर्व विधायक पंडरिया
श्री अशोक साहू जी
मा. विधायक कवर्धा
श्री ईश्वरी साहू जी
मा. अध्यक्ष, जिला पंचायत कबीरधाम
श्री राजेन्द्र चंद्रवंशी जी
मा. अध्यक्ष, जिला भाजपा कबीरधाम
श्री कैलाश चंद्रवंशी जी
मा. उपाध्यक्ष, जिला पंचायत कबीरधाम
श्रीमती बालका रामकिंकर वर्मा जी
मा. अध्यक्ष, जनपद पंचायत बोड़ला
श्री नंद श्रीवास जी
मा. उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत बोड़ला
श्री रामकुमार भट्ट जी
मा. पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत कबीरधाम
श्री संतोष पटेल जी
मा. पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत कबीरधाम
श्रीमती गंगाबाई लोकचंद साहू जी
मा. सदस्य जिला पंचायत कबीरधाम
श्री रघुराज सिंह जी
मा. पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत कबीरधाम
श्री विदेशी राम धुर्वे जी
मा. पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत कबीरधाम
श्री अनिल ठाकुर जी
मा. पूर्व अध्यक्ष जिला भाजपा कबीरधाम
श्री चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी जी
मा. अध्यक्ष न.पा.प. कवर्धा
श्री मीलूराम साहू जी
मा. मंडल अध्यक्ष भोरमदेव
श्री विजय पाटिल जी
मा. अध्यक्ष नगर पंचायत बोड़ला
विनीत : समस्त कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी, कबीरधाम